(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

कोरोना के चलते फिर...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

मंगलवार, 04 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 16 पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## कोविड–19:महाराष्ट्र में 15 से 18 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों का टीकाकरण शुरू

मुंबई। महाराष्ट्र में 15 से 18 वर्ष के बच्चों का सोमवार से कोविड–19 रोधी टीकाकरण शुरू हो गया। इस दौरान पुणे में किशोरों को टीकाकरण के बाद फूल, कलम और मास्क भेंट किए गए। मुंबई महानगर निकाय ने भी बच्चों के लिए मुफ्त टीकाकरण अभियान शुरू किया। मुंबई में, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में एक 'जंबो कोविड–घ्19' केन्द्र में एक छात्रा को टीके की पहली खुराक देने के साथ ही इस आयुवर्ग के लिए टीकाकरण की शुरुआत की गई। महाराष्ट्र के पर्यटन एवं पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे, शहर की महापौर किशोरी पेडनेकर और बृहन्मुंबई नगरपालिका (बीएमसी) के आयुक्त इकबाल सिंह चहल 'डिजिटल' माध्यम से इस पल के साक्षी बने। बीकेसी स्थित केन्द्र में बड़ी संख्या में बच्चे टीके लगवाने पहुंचे। आधि ाकारिक आंकड़ों के अनुसार, मुंबई में पिछले 15–20 दिनों से कोविड–19 के दैनिक मामलों में काफी वृद्धि दर्ज की गई है। मुंबई में रविवार को कोविड–19 के 8,063 नए मामले सामने आए, जो शनिवार को सामने आए 1,763 नए मामलों से काफी अधिक हैं। मुंबई में अभी तक कोविड–19 के कुल 7,99,520 मामले सामने आ



चुके हैं और संक्रमण से 16,377 लोगों की मौत हुई है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भायखला के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल के अलावा, नौ 'जंबो कोविडघ्–19' केन्द्रों पर बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। भायखला के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल में केवल रेलवे कर्मचारियों के बच्चों को टीका लगाया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशानिर्देश के अनुसार, इस आयुवर्ग के बच्चों को केवल कोविड–19 रोधी 'कोवैक्सिन' टीके की खुराक दी जाएगी। नगर निकाय ने कहा कि बीएमसी द्वारा संचालित स्कूलों के बच्चों के साथ–साथ अन्य स्कूलों के बच्चों को भी मुफ्त में टीके लगाए जाएंगे। बीएमसी ने माता–पिता से अपने बच्चों को टीके लगवाने का आह्वान किया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 16 जनवरी 2021 को वयस्कों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू होने के बाद से शनिवार तक, मुंबई में कुल 1,80,04,281 लोगों को कोविड–19 रोधी टीकों की खुराक दी गई, जिनमें से 80,48,075 लोगों को दोनों खुराक दी जा चुकी है। शहर के नगर निकाय के मुख्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. सूर्यकांत देवकर ने बताया कि पुणे में, सोमवार को 40 केन्द्रों पर इस आयुवर्ग के बच्चों का टीकाकरण शुरू हुआ। पुणे के महापौर मुरलीधर मोहोल ने शहर के 40 केन्द्रों में से एक, दालवी अस्पताल में औपचारिक रूप से विशेष अभियान की शुरुआत की। देवकर ने कहा, '' टीका लगवाने के बाद बच्चों को गुलाब के फूल, कलम और मास्क दिए गए।'' उन्होंने बताया कि माता–पिता अपने बच्चों के साथ टीकाकरण केन्द्र पहुंचे और किशोर काफी खुश एवं उत्साहित दिखाई दिए। प्रत्येक केन्द्र पर 'कोवैक्सीन' की 250 खुराक उपलब्ध है, जिनमें से आधी खुराकें ऑनलाइन पंजीकृत बच्चों को और बाकी बिना पंजीकरण कराए केन्द्र पहुंचने वाले बच्चों को दी जाएगी। भारत के औषधि महानियंत्रक ने 24 दिसंबर को कुछ शर्तों के साथ 12 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के लिए स्वदेशी रूप से विकसित भारत बायोटेक के कोविड–19 रोधी 'कोवैक्सिन' टीके के आपात स्थिति में उपयोग की स्वीकृति दे दी थी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने रविवार को कहा था कि 15 से 18 साल आयु समूह के किशोरों के टीकाकरण के दौरान कोविड–19 रोधी टीकों में घालमेल से बचने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को अलग–अलग टीकाकरण केन्द्र स्थापित करने सहित आवश्यक उपाय करने चाहिए।

## वैक्सीन की कमी न पड़े, इसलिए उठाए जा रहे कदम

### कोवैक्सीन की एक्सपायरी 6 महीने से बढ़ाकर 12 महीने हुई, स्टॉक को किया जाएगा री-लेबल

भारत बायोटेक अपने अप्रयुक्त कोविड –19 टीकों, कोवैक्सिन के स्टॉक वापस मंगवा रहा है और उन्हें एक अद्यतन समाप्ति तिथि के साथ फिर से रि लेबल कर रहा है। यह भारतीय औषधि ा महानियंत्रक (डीसीजीआई) द्वारा वैक्सीन की एक्सपायरी डेट को नौ से बढ़ाकर 12 महीने करने की मंजूरी के बाद किया गया है। डीसीजीआई को सौंपे गए स्टडी के आंकड़ों के बाद यह फैसला लिया गया है, जिसमें अध्ययनों से पता चला है कि टीका 12 महीने तक सही रहता है। इससे पहले वैक्सीन को केवल



छह महीने तक इस्तेमाल करने की अनुमति थी। हर टीके की खुराक की एक्सपायरी डेट होती है। शेल्फ जीवन का निर्धारण विभिन्न परीक्षणों के बाद किया जाता है ताकि यह आकलन किया जा सके कि एक टीका कितने समय तक विभिन्न वातावरणों और तापमानों में स्थिर और उपयोगी रह सकता है। देशभर में एक से दो लाख से ज्यादा वैक्सीन नहीं होंगी जिन्हें रि–लेबलिंग करने की आवश्यकता पड़ेगी। भारत बायोटेक ने इस्तेमाल नहीं हुई इन वैक्सीन को कलेक्ट करने के लिए पिक अप फैसिलिटी भी उपलब्ध कराई है। सूत्रों ने बताया कि, कंपनी अस्पतालों से पूरा स्टॉक उठा रही है और उन्हें स्टोरेज कर रही है। इस स्टॉक का उपयोग चल रहे टीकाकरण अभियान और 15–18 आयु वर्ग के बच्चों के टीकाकरण के लिए किया जाएगा, जो सोमवार से शुरू होने वाला है। इस बीच, ब्वॅप्छ ऐप ने रविवार शाम तक छह लाख से अधिक पंजीकरण दर्ज किए हैं क्योंकि भारत 3 जनवरी से 15 से 18 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण करने के लिए तैयार है। इस आयु वर्ग के लिए वैक्सीन विकल्प स्वदेश में विकसित भारत बायोटेक का कोवैक्सिन होगा।

## गोपाल भार्गव के बिगड़े बोल, कहा – मैं नहीं हूं दिल्लीवादी

भोपाल। मध्य प्रदेश में बीजेपी मंत्री गोपाल भार्गव ने तथाकथित तौर पर प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पर करारा तंज कसा है। गोपाल भार्गव ने बिना नरोत्तम मिश्रा का नाम लिए कहा है कि मैं दिल्ली वादी नेता नहीं हूँ। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग दिल्ली जाकर लॉबिंग की फिराक में रहते हैं उन्हें जनता के बीच रहकर काम पर ध्यान देना चाहिए। दरअसल गोपाल भार्गव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें मंत्री मीडिया से बात करते हुए यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि मैं 2003 से लगातार मंत्री रहा हूँ,



नेता प्रतिपक्ष भी रहा हूँ। लेकिन मैं बताना चाहता हूँ कि बीजेपी एक ऐसी पार्टी है जहां लॉबिंग और सिफारिश की जरूरत नहीं होती। उन्होंने कहा कि इसलिए जो लोग दिल्ली जाने की सोचते हैं। उन्हें जनता के बीच रहकर काम करना चाहिए। तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचाने के लिए उन्हें काम करना चाहिए। इसके अलावा जो पार्टी काम देती है उन कामों को करना चाहिए। मेरे विचार से मैं दिल्लीवादी नहीं हूं। दरअसल गोपाल भार्गव का ये गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के रविवार को हुए दिल्ली दौरे से जोड़कर देखा जा रहा है। नरोत्तम मिश्रा रविवार को अचानक दिल्ली के लिए रवाना हो गये थे। ऐसा दावा किया जा रहा था कि नरोत्तम मिश्रा के दिल्ली पहुँचने के बाद से ही फोन भी ऑफ आ रहा है। आपको बता दें कि नरोत्तम मिश्रा के दिल्ली दौरे को लेकर यह जानकारी सामने आई कि वह किसी परिचित के इलाज के सिलसिले में दिल्ली गये थे। लेकिन अब गोपाल भार्गव के इस बयान ने एक बार फिर बीजेपी में जारी गुटबाजी को और हवा दे दी है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी भी अमूमन बीजेपी में जारी गुटबाजी को लेकर कहती है कि मध्य प्रदेश बीजेपी में तीन तरह के गुट हैं। एक गुट सीएम शिवराज के समर्थकों का है, दूसरा गुट सीएम शिवराज से नाराज चल रहे नेताओं का है और तीसरा गुट सिंधिया समर्थकों का है।

## जम्मू कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ जवानों की गोलीबारी से घुसपैठिया ढेर

जम्मू। जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (सीमा) पर संदिग्ध गतिविधि का पता चलने पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों की तरफ से की गई गोलीबारी में सोमवार को एक घुसपैठिया मारा



गया। बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि बीएसएफ के सतर्क जवानों ने रामगढ़ में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तड़के संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिये की हरकत देखी जिसके बाद उसे चुनौती देते हुए गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये पर जब जवानों की चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ तो जवानों ने उसे मार गिराया।

## काशी कॉरिडोर के उद्घाटन के बाद बाबा के दर्शन के लिए उमड़ रहा भक्तों का जनसैलाब

काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली है। जिसकी बाद वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले आदेश तक ये रोक लगी रहेगी। काशी विश्वनाथ धाम में भक्तों की भारी भीड़ देखने के बाद ये फैसला लिया गया है। कोरोना की मार से पूरा देश दो–चा हो रहा है। नये वेरिएंट ओमिक्रॉन के मामले भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में इस तरह का फैसला बहुत जरूरी था। लोगों से की गई ये अपील : स्थानीय लोगों से दोपहर 2 बजे के बाद दर्शन की अपील की गई है।

## नड्डा ने अखिलेश पर लगाए गंभीर आरोप

### बोले- 15 आतंकवाद के केस सपा प्रमुख ने लिए थे वापस

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को लखनऊ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव और मायावती के पास हिम्मत नहीं है कि वो जनता के बीच में जन विश्वास की यात्रा निकाल सकें। इस यात्रा को निकालने की ताकत महज भाजपा के पास है। उन्होंने कहा कि आज फर्क साफ है– एक ओर अखिलेश जी का कुशासन था, आज योगी जी की सुशासन है। अखिलेश जी के शासन में लोग आतंकित थे, आज लोग रात को भी सुरक्षित हैं। अखिलेश जी के शासन में भ्रष्टाचार की दुर्गंध थी, आज ईमानदारी की खुशबू है। अखिलेश जी, इत्र कितना भी लगाओ, दुर्गंध, खुशबू में बदल नहीं सकती। ये वंशवाद और परिवारवाद से ग्रसित पार्टी रही है और हम सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास साथ लेकर



चले हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की जनविश्वास यात्रा 403 विधानसभाओं से होकर 4 करोड़ लोगों से सीधा संपर्क करके आई है। जनता का विश्वास भाजपा पर इसलिए है क्योंकि समाजवादी पार्टी को लोग अच्छी तरह से जानते हैं। वो कब्जे वाली पार्टी थी। इसी बीच अखिलेश यादव पर जेपी नड्डा ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने 15 आतंकवाद के केस वापस ले लिए थे। रक्षक ही, भक्षक बन गया था। अगर मैं गलत बोल रहा हूं तो मुझे कोर्ट में खड़ा करना। उस वक्त कोर्ट ने केस को वापस करने से मना कर दिया था। लेकिन अखिलेश जी ने केस को निकालने की सिफारिश की थी। 4 लोगों को सजा–ए–मौत हुई और बाकी लोगों को आजीवन कारावास हुआ था।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पहले की सरकार में माफियाओं का राज था, आज योगी जी की सरकार में माफिया या तो व्हील चेयर पर या फिर जेल में हैं। जो बचे भी हैं वो तड़ीपार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा वैचारिक पार्टी है। जो काम पिछले 70 साल में नहीं हुए वो काम भाजपा की केंद्र और राज्यों की सरकार ने करके दिखाया है। फिर चाहे धारा 370 को धाराशाही करना हो या फिर अयोध्या में राम मंदिर बनाना हो।

## रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस को दी नसिहत, कहा – राहुल गांधी अपना नाम बदलकर अकबर रख लें

भोपाल। मध्य प्रदेश में एक बार फिर दिग्विजय सिंह और रामेश्वर शर्मा आमने सामने हुए है। अकबर के सिक्के को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के रिट्वीट पर रामेश्वर शर्मा ने



पलटवार किया है। शर्मा ने कहा है कि कपिल सिब्बल को बोलिए की वो अकबर पर केस करे। अकबर इतना बड़ा महापुरुष था, तो कांग्रेस उसे अपना विचार पुरुष बना ले। राहुल गांधी अपना नाम अकबर रख लें। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक ट्वीट को रिट्वीट किया है। जिसमें लिखा है कि मुगल बादशाह अकबर ने अपने हुकूमत की 50 साल पूरे होने के मौके पर ये सिक्का लॉन्च किया था। सिक्के के एक तरफ देवनागरी लिपि में राम–सिया लिखा हुआ है. उनकी तस्वीर भी है. सिक्के के दूसरी तरफ फारसी में घ्घ्घ्घ्घ्घ घ्घ्घ्घ्घ्घ 50 (50 वां वर्षगांठ) लिखा है। वहीं बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने दिग्विजय के ट्वीट को रिट्वीट कर लिखा है कि कपिल सिब्बल को बोलिए की वो अकबर पर केस करे कि उसने कांग्रेस के लिए काल्पनिक श्रीराम की तस्वीर सिक्के पर लगाने का जुर्म क्यों किया ? अकबर इतना बड़ा महापुरुष था तो कांग्रेस उसे अपना विचार पुरुष बना ले राहुल गांधी अपना नाम अकबर रख लें। हमारे लिए तो महान महाराणा प्रताप है।

## अखिलेश यादव का दावा, समाजवाद का रास्ता ही रामराज्य का मार्ग है

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि समाजवाद का रास्ता ही असल में रामराज्य का मार्ग है। यादव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा अक्सर रामराज्य की बात करती है लेकिन असल में समाजवाद का रास्ता ही रामराज्य का रास्ता है। उन्होंने कहा, समाजवाद का रास्ता ही रामराज्य का रास्ता है। जिस दिन पूरी तरह से समाजवाद लागू हो जाएगा उसी दिन से रामराज्य शुरू हो जाएगा। सपा अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा, जिस व्यक्ति के ऊपर तमाम गंभीर धाराओं में मामले दर्ज थे, भाजपा ने उसे मुख्यमंत्री बना दिया।



भाजपा के बहुत से नेता जो बुजुर्ग हैं, जो कई वर्षों से खून पसीना बहा कर पार्टी को मजबूत कर रहे थे, वह कई बार कहते हैं कि हम तो खून पसीना बहा रहे थे, यह न जाने कहां से आए हमारे ऊपर बैठा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने संबंधी सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि जब वह जनता के बीच जाएंगे तो उनसे पूछा जाएगा कि रोजगार देने और किसानों की आय दोगुनी करने समेत तमाम वादे क्यों नहीं पूरे हुए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, सब लोग जानते होंगे कि जब बेटा परीक्षा में पास ना हो पा रहा हो तो कई बार मां–बाप और चाचा भी जाते हैं थोड़ी नकल कराने के लिए। हमारे बाबा मुख्यमंत्री फेल हो चुके हैं।

अब उन्हें कोई पास नहीं करा सकता और जो लोग उन्हें पास कराने आ रहे हैं वे भी पास नहीं करा पाएंगे। अखिलेश यादव ने खुद के विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा कि जहां से उनकी पार्टी कहेगी वहां से वह विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सपा अध्यक्ष ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ गांवों के नाम कथित रूप से बदले जाने की खबर का जिक्र करते हुए कहा, जो हमारा पड़ोसी देश है वह हमारे मुख्यमंत्री जी से कुछ सीख गया है। उसने गांव के नाम बदल दिए। यह काम तो हमारे मुख्यमंत्री जी किया करते हैं लेकिन चीन ने भी उनसे सीख लिया। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा को प्रदेश का मुख्य सचिव बनाए जाने का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव ने कहा, हमारे बाबा मुख्यमंत्री ऐसे सो रहे थे कि अचानक उनका मुख्य सचिव बदल गया है, पता ही नहीं चला। अखिलेश यादव ने सरकार बनने पर घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के अपने वादे का जिक्र करते हुए कहा कि इससे सबसे ज्यादा करंट भाजपा को ही लगा है।उन्होंने कहा कि 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने का वादा इसलिए किया गया है क्योंकि सपा की पिछली सरकार के कार्यकाल में बिजलीघर लगाने की अनेक परियोजनाएं शुरू की गई थी जिन्हें मौजूदा भाजपा सरकार पूरा नहीं कर पाई।

उन्होंने कहा कि दोबारा सपा की सरकार बनने पर वे योजनाएं पूरी की जाएंगी और सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। इस मौके पर आंबेडकर नगर से पूर्व बसपा सांसद राकेश पांडेय, बहराइच से भाजपा की मौजूदा विधायक माध ुरी वर्मा, पूर्व विधान परिषद सदस्य कांति सिंह, प्रतापगढ़ से पूर्व विध ाायक बृजेश मिश्रा और विशाल जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीरबल सिंह कश्यप अपने समर्थकों के साथ सपा में शामिल हो गए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इन सभी नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि अब उन्हें पूरा भरोसा है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में बदलाव आएगा और सपा की सरकार बनेगी।



# तहसील के नाजिर ने लिया रिश्वत,वीडियो फोटो वायरल

करनैलगंज(गोंडा)। एक तहसील कर्मी का घूस लेते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे तहसील प्रशासन की काफी किरकिरी व आम जनमानस में काफी चर्चा का विषय बना है। रिश्वत ले रहे करनैलगंज तहसील के नाजिर के अभी हाल ही में जेल से छूट कर बाहर आने व 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने की बात बताई जा रही है। आये दिन खुलेआम सरकारी कर्मचारियों के रिश्वत लेने का कारनामा सामने आ रहा है। एक तहसील कर्मी का घूस लेते वीडियो एक बार फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तहसील में तैनात रहे नायब नाजिर के जिम्मेदार पद पर कार्यरत एक और तहसील कर्मी का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसे नायब नाजिर राजकुमार सिंह का बताया जाता है। जिसमें उनके द्वारा तहसील की रंगाई पुताई कराने का कार्य दिलाने के बदले घूस के तौर पर एक व्यक्ति से बेखौफ होकर रिश्वत का धन लेते हुए साफ दिखाई व सुनाई पड़ रहा है। जिसका किसी ने वीडियो बना लिया और उसे वायरल कर दिया जो काफी चर्चा का विषय बना है। जबकि एसडीएम हीरालाल के मुताविक उक्त तहसील कर्मी किसी दूसरे मामले में जेल में निरुद्ध भी रह चुका है जो जमानत पर आया है। जबकि यह वीडियो तहसील परिसर के बाहर रोड के किनारे का है। हालांकि इस संबंध में उपजिलाधिकारी हीरालाल का कहना है मामला संज्ञान में नहीं है। आरोपी नाजिर अभी हालही में जेल से छूटे हैं तहसील में पुनः कार्यभार भी ग्रहण नही किया है और 31 दिसम्बर को वे सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। मौजूदा समय मे तहसील में कार्यरत भी नहीं है। यदि किसी से उन्होंने पैसा लिया है तो उसकी शिकायत मिलने पर जांच व कार्रवाई की जाएगी।

# गुरुद्वारा में निःशुल्क भोजन के लिए लगाई गई स्वचालित रोटी मशीन

## पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गुप्ता ने किया शुभारंभ

अयोध्या खिड़की अली बेग स्थित गुरुद्वारा दुख निवारण में स्वचालित रोटी मशीन का शुभारंभ पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय गुप्ता द्वारा किया गया।इससे पहले गुरु चरणों में अरदास की । प्रसाद वितरित करने के बाद रोटी बनाने का कार्य शुरू हुआ। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा वैसे तो हमेशा से ही सिख समाज मानव सेवा में निरंतर लगा हुआ है और कहा भी गया है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है इसी कथन को आत्मसात करने का काम गुरुद्वारा दुख निवारण कर रहा है समिति के पदाधिकारियों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है वहीं सचिव प्रतिपाल सिंह पाली ने बताया कि गुरुद्वारा में रोजाना सैकड़ों लोगों का लंगर तैयार होता है। यह मशीन गुरुद्वारा दुख निवारण के सहयोग से खरीदी गई है जो कि 1 घंटे में 700 रोटी बनाती है इस मशीन का उद्देश्य प्रमुख रूप से गुरुद्वारे में हर जगह लंगर पहुंचाने का है आपको बता दें कि गुरुद्वारा दुख निवारण में अयोध्या जिले की पहली मशीन सनशाइन इंडस्ट्रीज नोएडा द्वारा गुरुद्वारा परिसर में संचालित की गई इससे लोगों में उत्साह है इस मशीन के लगने से उसरू स्थित गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज के समक्ष प्रतिदिन चल रहे हैं निशुल्क भोजन वितरण में भी काफी सुविधा मिलेगी। यह मशीन रोटी बैंक के रूप में संचालित होगी साथ ही राम नगरी में परिक्रमा में, रामनवमी में, विभिन्न धार्मिक पर्वों में इस मशीन द्वारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी किया जाएगा इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुरचरण सिंह, उजागर सिंह, अमित सिंह मिल्कीपुर, राहुल वैश्य, अमनदीप सिंह, इकबाल, विसी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कमलेश निरंजन का गांव गांव चौपाल कार्यक्रम जारी

गोण्डा।आज कमलेश कमलेश निरंजन वर्मा सपा सम्भावित प्रत्यासी मेहनौन द्वारा अपने लगातार चौपाल कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र 295 मेहनौन के ग्राम ईश्वर नंद कुट्टी, सपहा,तेंदुवा चौखड़िया, सपा युवजन सभा के विधानसभा अध्यक्ष कय्यूम खान जी के कार्यालय,तेंदुवा चौराहे पर पृथ्वीनाथ चौराहे पर,लोनावा दरगाह, सिसई में जनसंपर्क व जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं से अपील किया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करके 2022 में पुनः मुख्यमंत्री बनाये।

# टेंट की दुकान में लगी आग, पाँच लाख का सामान जल कर हुवा खाक

गोण्डा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में देर रात्रि में गोण्डा–डेहरास मार्ग ग्राम इंदिरा नगर निकट रेशम फार्म स्थित नवदुर्गा टेंट हाउस की दुकान में अचानक आग लग जाने से पांच लाख का सामान जल कर खाक हो गया। ग्रामीणों की मदद से किसी तरफ से आग को बुझाया गया। कोतवाली देहात के मेड़ई पुरवा दुर्गोडवा गांव के निवासी सिया राम शुक्ला ने बताया कि वहां टेंट की दुकान इंदिरा नगर निकट रेशम फार्म में करता है। शाम को दुकान बंद कर के घर चला आया था । देर रात्रि को वही के कुछ लोगो के द्वारा जानकारी मिली की दुकान में आग लग गई है।थोड़ी देर के बाद आग की लपटें निकलने लगी और हड़कम्प मच गया। तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई। किसी तरफ से आग को बुझाया गया। घटना की जानकारी कोतवाली देहात की पुलिस को दी गई। मौके पर हल्का एस आई महिमा नाथ उपाध्याय, हेड कांस्टेबल भास्कर, सिपाही राहुल यादव, उपेंद्र, और अशोक पहुँच गए। घटना की जांच किया।

# पानी मे डूबकर अधेड़ की मौत

गोण्डा। तरब गंज थाना क्षेत्र में एक अधेड़ की पानी मे डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। तरब गंज थाना क्षेत्र के रांगी जनवार पुर निवासी 50 वर्षीय नकछेद पुत्र चन्द्रभान की पानी मे डूबकरमौत हो गई। मृतक के भाई रामू ने बताया कि उस के बड़े भाई दिन घर से साइकिल से निकले थे। इस के बाद वापस घर लौट कर नही आये। सुबह गांव के पास एक बड़ा सा नाला में उनका शव मिला है। उनकी साइकिल भी वही पर पड़ी हुई थी।

# प्रेम प्रसंग में युवक ने लगा लिया ,फाँसी

गोण्डा।मनका पुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने देर रात्रि में प्रेम प्रसंग को लेकर एक बाग में फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मनकापुर थाना क्षेत्र के अशरफ पुर गांव के निवासी 20 वर्षीय दीप नारायण उर्फ कुंदन पुत्र गिरजेंद्र बहादुर उर्फ लालजी का शव घर से एक किलोमीटर दूर स्थित एक आम के बाग में लटकता हुवा मिला है। शव मिलने की जानकारी सुबह हुई। मृतक के पिता ने बताया कि दिन उस के साथ गांव का ही एक युवक अमर भी निकला था। दोनो युवक देर रात्रि घर के निकट ही मिले भी थे। देर रात्रि मे जब मृतक युवक घर लौट कर नही आया तो मृतक के पिता दीप नारायण खोजबीन करने लगें। गांव के युवक अमर से पूछा तो उस ने बताया कि घर के पास ही छोड़ कर चले आये थे। परिजनों ने बताया कि एक महिला से युवक का काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उस महिला की शादी हो गई थी। दो तीन दिन पहले मृतक युवक ने अपने हाथ मे उस महिला का नाम लिखा था। किसी धारदार पत्ती से हाथ मे सीना पर चीरा मारा था। मृतक के पिता ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने के बाद कोई कार्यवाही की जायेगी।

# युवक का शव संदिग्ध अवस्था मे गड्ढे से बरामद

करनैलगंज(गोंडा)। एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था मे गांव के समीप खेत के गड्ढे में बरामद हुआ। सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने छानबीन शुरू कर दी है। घटना कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम कोचा कासिमपुर के मजरा पूरे महेशी से जुड़ा है। यहां के निवासी श्याम कुमार 35 वर्ष पुत्र मुंशीलाल कश्यप घर से शौच के लिए निकले थे। करीब एक घण्टे बाद भी वापस न आने पर परिवार के लोग उनकी तलाश करने लगे। जिस पर गांव से करीब 500 मीटर की दूरी पर खेत मे बने गड्ढे में उनका शव संदिग्ध अवस्था मे पड़ा दिखाई दिया। जिस पर परिवार सहित पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिवार में पत्नी कविता पुत्र अर्पित व 3 माह की बच्ची है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दिया है।

# प्रत्येक जिले में बने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बलिदान स्थलः केशव बिगुलर

## पुण्यतिथि पर सेनानी उमेश चंद्र पांडेय को अर्पित हुई भावभीनी श्रद्धांजलि

अयोध्या। जनपद के प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उमेश चंद्र पांडेय की 10 वीं पुण्यतिथि पर अधिवक्ताओं, तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पूर्वजों, सहित विभिन्न हिंदूवादी व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों द्वारा कचहरी परिसर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान की, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ भाजपा नेता अधिवक्ता केशव बिगुलर ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई लड़ने वालों के त्याग व बलिदान का मूल्य कभी भी नहीं चुकाया सकता है , स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद के सचिव मनोज मल्होत्रा ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान की कथाएं पाठ्यक्रम में सम्मिलित करके देश के भविष्य को उस से अवगत कराया जाना चाहिए ,हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने उमेश चंद्र पांडेय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदान का ऋणी यह देश सदैव रहेगा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों की बदहाल स्थिति को ठीक करना और उन्हें उचित सम्मान के साथ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना देश की सरकारों का नैतिक दायित्व है श्री पांडेय ने राजस्थान जिला स्तर व ग्रामीण स्तर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बलिदान स्थल बनाने की मांग भी की श्रद्धांजलि सभा का संचालन कर रहे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर उपाध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशज अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिजनों के उत्थान के बारे में केंद्र व प्रदेश सरकारों को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से उमेश चंद्र पांडे के पुत्र शशिधर पांडे, पौत्र मार्कंडेय पांडेय व नगेंद्र पांडेय, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, राजीव मोदनवाल, राम मोहन अग्रहरि, देवेंद्र अग्रहरि जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, पत्रकार राकेश वैद्य, अधिवक्ता डॉ सुनीता पांडेय, भाजपा पार्षद अनुभव जयसवाल, शिव मोहन, बबलू निषाद ,शैलेंद्र कुमार कनौजिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने जिला बदर को किया गिरफ्तार

मिल्कीपुर–अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय के आदेश के अनुपालन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खंडासा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लग गई है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने एक जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष खण्डासा संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना खण्डासा पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षक वेदप्रकाश यादव व कांस्टेबल अनुज कुमार द्वारा सघन चेकिंग, चेकिंग संदिग्ध वाहन व व्यक्ति व क्षेत्र भ्रमण व वांछित अभियुक्तों की तलाश कर थे। आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के मद्देनजर निवारक कार्यवाही करते हुए जिला बदर एक अभियुक्त भरत कुमार शुक्ला पुत्र अम्बिका प्रसाद शुक्ला निवासी बकचुना को गिरफ्तार कर लिया तथा थाने ले आए। धारा 10 उत्तर प्रदेश गुण्डा निवारण अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त भरत कुमार शुक्ला पुत्र अम्बिका प्रसाद शुक्ला उम्र करीब 45 वर्ष को थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने जेल भेज दिया है।

# केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी की जनसभा 06 को

अयोध्या। केन्द्रीय परिवाहन मंत्री नितिन गड़करी की 6 जनवरी को अयोध्या में रहेंगे। यहां जीआईसी के मैदान में वह सांसद लल्लू सिंह के प्रयासों से मिली कई परियोजनाओं की सौगात जनता को देंगे। इन परियोजनाओं के शिलान्यास के दौरान केन्द्रीय परिवाहन मंत्री नितिन गड़करी विशाल जनसभा को सम्बोधित भी करेंगे। विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर सांसद लल्लू सिंह ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्रीय सड़क परिवाहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी कई महत्वाकांक्षी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने जा रहे है। यह अयोध्या समेत पूर्वांचल को केन्द्र सरकार से मिला बड़ा उपहार स्वरुप होगी। केन्द्रीय मंत्री की विशाल जनसभा को लेकर पदाधिकारी पूरे सामर्थ्य से जुट जाय। पूरा प्रयास होना चाहिए कि इस जनसभा में प्रत्येक बूथ की सहभागिता हो। इसके बाद मण्डल व सेक्टर स्तर पर बैठकें करके पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाय। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय, अशोक कसौधन, राधेश्याम त्यागी, मनोज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, विजय लक्ष्मी जायसवाल, राममोहन भारती, सरयू दूबे, दान बहादुर सिंह, ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह, शिव गोविन्द पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिंह, अंजनी साहू, महेन्द्र मिश्रा, इन्द्रसेन सिंह, बलवंत सिंह, राजितराम निषाद, संतोष शुक्ला, किशोरीलाल भारती, अरुण तिवारी, कमलेश सिंह, विजय शंकर शुक्ला, संतोष मिश्रा, वीरभानु सिंह, घनश्याम पाण्डेय, अशोक मिश्रा, बब्लू पासी मौजूद रहे।

# शराब माफिया की सम्पत्ति की गई कुर्क

अयोध्या। शराब माफिया द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को रौनाही पुलिस ने कुर्क कर दिया। पुलिस कार्यालय के मुताबिक एएसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर व सीओ शैलेन्द्र प्रताप गौतमके मार्गदर्शन व निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रौनाही शमशेर बहादुर सिंह की टीम ने कार्रवाई की। उप्र गिरोहबंद एव समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत अभियुक्त पुष्कर कुमार जायसवाल निवासी अवधपुरी कालोनी फेस 3, बेनीगंज थाना कोतवाली अयोध्या में कार्रवाई हुई। पुलिस के मुताबिक अवैध रूप से सलारपुर में अर्जित संपत्ति भूमि गाटा संख्या– 7मि.ध् 0.072 हे. एवं उस पर निर्मित भवन कीमत लगभग 1,33,52,000ध– रुपये को जिला मजिस्ट्रेट, जनपद अयोध्या के आदेश अन्तर्गत थाना रौनाही पुलिस व राजस्व टीम तहसील सोहावल की संयुक्त टीम ने कुर्की की कार्रवाई।

# गरीबों की सेवा भगवान की पूजा के बराबरः रामचन्द्र यादव

## विधायक ने सैकड़ों गरीब, असहाय व वृद्ध लोगों को वितरित किया कंबल

रुदौली–अयोध्या। रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव ने इस कड़ाके की ठंड को देखते हुए विधानसभा क्षेत्र के लगभग दो दर्जन ग्राम पंचायतों के गरीब,असहाय,वृद्ध व जरूरतमंद लोगों को रुदौली स्थित डाक बंगला(नहर कोठी) पर कम्बल वितरण किया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान रुदौली तहसीलदार प्रज्ञा सिंह मौजूद रही।ग्राम पंचायत गोहन्ना, करीमपुर,खैरनपुर,जहानपुर, सरायपीर,जसमढ़, कैथी, बनगावा, दशरथमऊ याकूबपुर, फिरोजपुर परावन, कल्याणपुर भेलसर, अख्तियारपुर, जलालपुर,कादिरपुर ,लखनीपुर आदि गांवो के 270 लोगों को इस कड़ाके की ठंड को देखते हुए गांव के सैकड़ों असहाय गरीब जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव ने कहा कि गरीब असहाय तथा वृद्ध लोगों की सेवा ही भगवान की पूजा करने के बराबर है।उन्होंने कहा सरकार की ओर से दी जा रही विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण,किसान सम्मान निधि एवं उज्जवला गैस योजना के तहत लाभुकों को सीधा लाभ दिया जा रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल शर्मा,मिल्कीपुर पूर्व प्रमुख कमलेश यादव,तेज तिवारी,राजेश यादव,भानू यादव,प्रधान जंग बहादुर यादव,अश्वनी यादव,सचिन कसौंधन,शिवानंद मिश्रा,अभिमन्यु यादव,विपिन यादव उमेश यादव सहित तहसील के राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# स्थापना दिवस पर चाणक्य परिषद करेगा विशाल ब्राह्मण सम्मेलन

सोहावल–अयोध्या।अखिल भारतीय चाणक्य परिषद अपने 28वें स्थापना दिवस पर विशाल ब्राह्मण सम्मेलन एवं खिचड़ी भोज का आयोजन करेगा इसके लिए परिषद की ब्लाक स्तरीय बैठकें आयोजित की जा रही है।जिसके माध्यम से ब्राह्मण समाज की भीड़ इक्कठा की जा रही है।इसी उद्देश्य को लेकर रेलवे फाटक के बगल स्थिति हनुमान गढ़ी पर की गयी। 15 जनवरी नन्दीग्राम भरत कुण्ड में आयोजित होने वाले स्थापना दिवस की तैयारी बैठक को सम्बोधित करते हुए परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी ने कहा कि परिषद का उद्देश्य ब्राह्मण समाज की एकता और समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करते हुये शिक्षा और संस्कार को बढ़ावा देना है।इसे मूलमंत्र बना कर परिषद के कार्यकर्ता रात दिन कार्य कर रहे हैं। स्थापना दिवस पर आयोजित ब्राह्मण समाज सम्मेलन समाज के बेहतरी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जहां समाज के वेहतरी के साथ सियाशी पकड़ बनाये रखने पर व्यापक चर्चा होगी।इस अवसर जिला अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद तिवारी,जिला महामंत्री लखण धर तिवारी,ने अपने सम्बोधन में ब्राह्मण समाज की एकता पर बल दिया।मौजूद लोगों में सदानन्द पाण्डेय,पूर्व जिलाध्यक्ष राज नरायन तिवारी,द्वारिका प्रसाद पाण्डेय,करुणाकर पाण्डेय,विद्याधर तिवारी,शिव कुमार चौबे,रत्नाकर पाण्डेय,बीर बली चौबे,जगदम्बा पाण्डेय,आदि सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है जनताःलालजी वर्मा

## साथी समागम में सपा की सरकार बनाने का लिया गया संकल्प

अयोध्या। सूबे के पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह दल है जिसने सर्व समाज को साथ लेकर उत्तर प्रदेश को बुलंदियों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की नीतियों और रीतियों से आम जनमानस बेहद प्रभावित हैं और इस बार मन बना चुका है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अखिलेश यादव को एक बार फिर सत्ता की चाबी सौंपेगा। उक्त बातें पूर्व मंत्री वर्मा ने पूर्व राज्यमंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन के संयोजन में देवकाली स्थित ताराजी रिसार्ट में साथी समागम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश की राह पर अग्रसर हो गया था लेकिन वर्तमान की भाजपा सरकार सपा की उपलब्धियों को गिना कर अपना बेड़ा पार करने में जुटी हुई है। श्री वर्मा ने कहा कि इस बार समाजवादी पार्टी की पूरे प्रदेश में लहर चल रही है हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुफ्त बिजली और सिंचाई की व्यवस्था के नाम पर जो घोषणा की है उससे समाजवादी पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस बार सर्व समाज का मतदाता समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा है और आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर प्रदेश को एक बेहतरीन सौगात सौंपने जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता उदय प्रताप सिंह ने समाजवादी पार्टी को अब तक की सबसे बेहतरीन सरकार बताते हुए कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश एक बार फिर बुलंदियों को छू लेगा। अंतर्राष्ट्रीय कवियत्री शबीना अदीब ने कार्यक्रम में मौजूद रहकर समाजवादी पार्टी की सरकार को बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सपा ही वह दल है जो प्रदेश को और ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सक्षम है। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी की पूरे प्रदेश में लहर चल रही है इस बार सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी जो सर्व समाज के हित के लिए काम करेगी। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि साथी समागम कार्यक्रम में आज बड़ी तादाद में कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने स्मृति चिन्ह व फूल माला देकर स्वागत किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने एकजुट रहते हुए समाजवादी पार्टी की सरकार एक बार फिर बनाने का अपना संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन विधानसभा अध्यक्ष शिवबरन यादव पप्पू ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कवि जमेशद फैजाबादी, हामिद जाफर मिसम, छेदी सिंह, चौधरी बलराम यादव, मनोज जायसवाल, रामअचल यादव, हाजी असद अहमद, श्रीचन्द्र यादव, राकेश यादव, संजीत सिंह, मंसूर इलाही, मो0 हलीम पप्पू, जाकिर हुसैन पासा, मो0 सुहेल, पंकज पाण्डेय, दानबहादुर सिंह, तरजीत गौड, अमृत राजपाल, लड्डूलाल यादव, जयसिंह यादव, दुर्गेश वर्मा, डा0 अनुराग यादव, गोपीनाथ वर्मा, रिजवान हसनैन, मो0 अपील बबलू, सन्टी तिवारी, रामअंजोर यादव, विशाल पाल, सुरेश यादव, वसी हैदर गुड्डू, मंजीत यादव, संग्राम पटेल, शहबाज खान लकी, आशिफ चांद, सादमान खां, पी0के0 तिवारी, राजू यादव, अखिलेश तिवारी, प्रताप जायसवाल, अमित यादव, रवि यादव, विजय नारायण यादव, अमन यादव, शंकर यादव, विमल सिंह यादव, सौरभ यादव, फरीद कुरैशी, नौशाद, राईन, अर्जुन यादव सोमू, उमेश यादव, देवेश सिंह विक्की, बाबू भाई, जगत नारायण यादव, प्रदीप चौबे, आभाष कृष्ण कान्हा, राकेश यादव, जगदीश यादव, उमा यादव, सरोज यादव, डा. निशात अख्तर, निशा खान, अल्पना, नसरीन, उमा यादव, रीता राही, सविता, डा0 घनश्याम यादव, अंगद यादव, ओ0पी0 पासवान, अंसार अहमद बब्बन, सुल्तान खान, विकास निषाद, सुभाष पासी, रवि शंकर गौड, शिवकुमार गौड, निर्मल वर्मा, प्रभूनाथ जायसवाल, रक्षाराम यादव, शमशेर यादव आदि मौजूद रहे।

# खेल अपने देश धर्म के लिए कुछ करना सिखाता है प्रांत संगठन मंत्री रामय





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए खेल का विशेष योगदान होता है। खेल हमें स्वस्थ रखता है इसलिए नित्य प्रति दया हमें करना चाहिए।उक्त बातें जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कही। वह विद्या भारती शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत द्वारा आयोजित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार के प्रांगण में दो दिवसीय खेलकूद समारोह के अवसर पर संबोधित कर रहे थे ।आगे उन्होने कहा खेल खिलाड़ी में अनुशासन उत्पन्न करता है व क्रोध पर नियंत्रण करना सिखाता है। पूरे प्रांत के 10 संकुल के 350भैया–बहन सम्मिलित हुए। गोरक्ष प्रांत के प्रदेश निरीक्षक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि खेलों के माध्यम से हम विश्व में भारत को एक विशेष पहचान दिला सकते हैं। इसलिए विद्या भारती के विद्यालयों में खेलों का विशेष आयोजन होता है विद्या भारती विद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करती है। इसके पूर्व जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व समारोह का ध्वजात्तोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।समारोह के विशिष्ट अतिथि व गोरक्ष प्रांत के संगठन मंत्री राम जी ने कहा खेल केवल खेलने का विषय नहीं है अपने देश में खेल खेल में दुष्यंत पुत्र भरत ने शेर के दांत गिने भगवान कृष्ण ने खेल–खेल में पर्वत को उठा लिया था। खेल भारत की थाती है। खेल हमें समरसता व एकरसता सिखाता है । हम अपने देश धर्म के लिए कुछ करना सिखाता है समारोह की प्रस्तावित शारीरिक प्रमुख अध्यक्ष राकेश अग्रहरी रखा अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने कराया। उक्त अवसर पर गोरक्ष प्रांत के मंत्री अक्षय ठाकुर जी ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक तुलसीराम नगर प्रचारक विनय जी, शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत के प्रदेश निरीक्षक कमलेश कुमार सिंह ।विद्यालय के प्रबंधक मुरलीधर अग्रहरि, उप प्रबन्धक सत्येंद्र द्विवेदी, प्रतिष्ठित व्यापारी पवन छापडिया समेत अनेक महानुभावों की उपस्थिति रही।



## सोहना मार्ग से खखराँव तक सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिद्धार्थनगर। प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री डॉव



द्विवेदी ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत कोहड़ौरा सोहन मार्ग से खखराव सम्पर्क मार्ग एवं भरौली सी.सी. रोड से हरिराम गुप्ता के घर होते हुए धोभी घाट तक सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास किया एवं विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री अजय गुप्ता, कृष्णा कुमार मिश्र, मण्डल अध्यक्ष इटवा दीपनारायण त्रिपाठी सतीश तिवारी, सत्यप्रकाश, साधु शरण, राजेन्द्र दूबे, जयप्रकाश पांडेय, पप्पू गुप्ता, दीपनारायण शर्मा, हरिराम यादव, गुड्डू यादव, सूर्यमणि चौधरी, रमाकांत मौर्य, रामजी मौर्य, बन्धु गुप्ता, सन्तोष श्रीवास्तव, लड्डूपाल सोनी, गौकरन पाठक, अखिलेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में जनता जनार्दन उपस्थित रही।

## जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी नही हट सका चकरोड से कब्जा

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के पहाणपुर के सत्यनरायन चंद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सार्वजनिक चकरोड से कब्जा नही हटाने का आरोप लगाया है। तथा कब्जाधारी व्यक्ति व संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पत्रक मे उन्होंने लिखा है कि गांव के एक सार्वजनिक चकमार्ग पर एक व्यक्ति ने अवैध रुप से कब्जा कर लिया है। जिसका रिपोर्ट जारी करते हुए हल्का लेखपाल द्वारा 29 नवंबर 2020 को 84 लाख रुपए का नोटिस दिया गया था। विगत तहसील दिवस मे जिलाधिकारी को मामले की शिकायत की गई थी। इस पर उन्होंने तहसीलदार गोला को जांच करके जल्द से जल्द कब्जा हटवाने का निर्देश दिया था। किंतु अभी तक कोई कब्जा नही हटवाया जा सका है।

## मंडी शुल्क समाप्त करने की मांग, व्यापारियों ने सचिव को सौपा मांग पत्र

सागर विश्वकर्मा/दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां/महराजगंज ।नौतनवां मंडी शुल्क समाप्त किए जाने



की मांग को लेकर आज नौतनवा कस्बे के उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेश्याम सिंह के नेतृत्व में व्यापारियो के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री को संबोधित एक मांग पत्र मंडी सचिव नौतनवा को सौंपा है ।सोमवार की दोपहर को राधेश्याम सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ समाजसेवी और व्यापारी नेता राजाराम जयसवाल, राजीव शर्मा, सचिन जयसवाल सहित तमाम व्यापारियों ने एक मांग पत्र मुख्यमंत्री को संबोधित मंडी समिति सचिव नौतनवा को सौंपा है। जिसमें लिखा गया है कि मंडी शुल्क लागू किए जाने के कारण व्यापारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी शुल्क वसूली के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है। मंडी समिति में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिसको लेकर उद्योग व्यापार मंडल मंडी शुल्क समाप्त किए जाने को लेकर आज प्रदेश व्यापी विरोध जता रहा है। मांग पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री जी से मंडी शुल्क समाप्त करने की मांग किया है।

## बाँसी नगर पालिका कार्यालय पर सफाई कर्मचारियों की बैठक सम्पंन

### चौराहे पर/गरीब दलित बस्तियों में अलाव की व्यवस्था की जाय–न०प०अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। सोमवार को न०प०अध्यक्ष की अध्यक्षता में बाँसी नगर पालिका कार्यालय पर सफाई प्रभरियोध्सफाई नायकध्न०पा० कर्मचारियों की हुई बैठक में बढ़ती ठंडक को देखते हुए सर्व प्रथम समस्त न०पा०कर्मियों को निर्देशित किया कि नगर के सभी मुख्य चौराहे परध्गरीब दलित बस्तियों में अलाव की व्यवस्था की जाय,नगर के प्रत्येक वार्ड के हर पोल पे लाइट ठीक किया जाय,साफ सफाई ,चुना, ब्लीचिंग की व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखें। बैठक में प्रधान लिपिक रवि शंकर गुप्ता,लिपिक जमील अहमद,गिरीश पाण्डेय,अमरेंद्र,सभासदगण में– फूलचंद भारती रविंदर वर्मा मंगल चौरसिया,,सफाई प्रभारी में– रामचरण यादव, राजकुमार पांडे, राजेश वर्मा, प्रमोद अग्रहरी,, मोहम्मद करीम, इशरत जमील, शादाब आलम, सुधीर कुमार बबलू संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।



## शपथ ग्रहण समारोह ग्राम पंचायत धौरहरा में सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर ।विकास खण्ड गोला के ग्राम पंचायत धौरहरा में आज सोमवार को ग्राम प्रधान के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमे नव निर्वाचित ग्राम प्रधान रामेश्वर दूबे को एडीओ पंचायत शैलेष राय द्वारा विधिवत शपथ ग्रहण कराया गया। बताते चलें कि पिछले मई 2021 में पंचायती राज्य चुनाव सम्पन्न हुआ था। जिसमे रामेश्वर दूबे ग्राम प्रधान निर्वाचित हुए थे। लेकिन ग्राम पंचायत सदस्य का गठन नहोने के करण शपथग्रहण का कार्य क्रम सम्पन्न नही हो पाया था। बीते दिसम्बर 2021में शासनादेश के अनुसार ग्राम सभा गठन का कार्य सम्पन्न हुआ ।इस शपथ समारोह को संबोधित करते हुए एडीओ पंचायत शैलेष राय ने कहा कि कुछ सम्बैधानिक नियम होता है और सम्बैधानिक नियम के तहत सपथ ग्रहण होता है। राज्य और केन्द्र सरकार ग्राम विकास के लिए धन दिए जाते हैं। इस धन को खर्च करने के लिए एक कर्मचारी दिया जाता है। कि आप कुशलता पुर्व धन खर्च कर सकें। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख रुप से ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि उमाशंकर, प्रधान संघ अध्यक्ष सम्पुर्णानन्द शुक्ल, ग्राम सचिव उपेन्द्र यादव, पुर्व प्रधान दीप नरायन यादव, एस आई धर्म बीर सिंह, डा अनिल तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि सदन तिवारी, श्यामनराण दूबे, बबुना दूबे, संगम तिवारी, तारकेश्वर दूबे, शैलष दूबे आदि गांव एवं क्षेत्र के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

## पूर्ववर्ती सरकार में चरम पर था गुंडाराज, माफियाराज व भ्रष्टाचारः नड्डा

### जनविश्वास यात्रा का समापन अवसर बतौर मुख्य अति पहुँचे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पूछा है कि यूपी में रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वालों की सरकार चाहिए या फिर राममंदिर बनवाने वालों की? उन्होंने कहा कि योगी सरकार में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है, जबकि अखिलेश सरकार में गुंडाराज, माफियाराज और भ्रष्टाचार चरम पर था। यह बातें जेपी नड्डा ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर स्थित स्थानीय सक्सेरिया इंटर कालेज के मैदान में जनविश्वास यात्रा के समापन अवसर पर आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने कहा कि अखिलेश राज में घोटाले होते थे। गोमती रिवर फ्रंट में 16 हजार करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया। लैपटॉप बांटने के लिए 15 लाख लैपटॉप खरीदे गए लेकिन मात्र 6 लाख 25 हजार लैपटॉप ही बांटे गए। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार के एक मंत्री आज भी जेल में हैं। सपा आतंकियों को पनाह देती थी। अखिलेश के पिता मुलायम ने राम भक्तों पर गोली चलवाई लेकिन भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर बनवाने का कार्य शुरू किया जो हिंदुत्व के लिए गौरवमयी पल था। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का कार्य करवाया। नड्डा ने कहा कि सपा सरकार में मुजफ्फरनगर जैसे दंगे हुए। जिसमें 62 लोगों की मौत हुई। सपा सरकार में 700 से ज्यादा दंगे हुए। मुख्यमंत्री रहते अखिलेश जी ने 15 आतंकवादियों के केस वापस लिया जिसे बाद में कोर्ट ने 4 को फांसी दी थी। जेपी नड्डा ने अखिलेश पर हमला बोलते हुए कहा कि अखिलेश राज में दंगे होते थे। गुंडागर्दी होती थी, माफियाओं का बोलबाला था। शोभा यात्रा की अनुमति नहीं दी जाती थी ।कांवड़ यात्रा नहीं निकलने दी जाती थी लेकिन भाजपा सरकार आने पर गुंडागर्दी खत्म हुई माफिया जेल गए। आज धर्म के किसी भी आयोजन के लिए अनुमति लेने की जरूरत नहीं होती ।प्रदेश 1 करोड़ युवाओं को लैपटॉपश पूर्व पीएम अटल जी के जन्मदिन पचीस दिसंबर से बाँटा जा रहा है । इस मौके पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कोरोना काल में योगी राज में गरीबों और प्रवासियों को भोजन बांटा गया। जबकि सपा व बसपा के लोग छिपे बैठे रहे। आज खुशहाल किसान खेत से घर आकर बीवी की शक्ल देखकर अधिक रोटी खाता है। जब भाजपा की 2 सीटें आई थीं तो विपक्ष ने जमकर मजाक बनाया था। उन्होंने कहा कि कमल खिलाओ, लक्ष्मी कमल पर आती है। आज प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज है कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल ने किया इस मौके पर राज्यसभा सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवप्रताप शुक्ल, सांसद जगदम्बिका पाल,सांसद हरीश द्विवेदी , प्रदेश सरकार के मंत्री श्रीराम चौहान,विधायक दयाराम चौधरी,संजय जायसवाल, चन्द्र प्रकाश शुक्ल,अजय कुमार सिंह व रवि सोनकर समेत बड़ी संख्या पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे

## दुकानों पर निरीक्षण के दौरान पर्याप्त मात्रा में पाई गई यूरिया खाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। उप कृषि निदेशक गोरखपुर के निर्देश पर



सोमवार कृषि विभाग के अधिकारी वरिष्ठ प्राविधिक सहायक अरुणाकर सिंह व साथ में रहे बीटीएम अखिलेश कुमार पांडेय के द्वारा गोला क्षेत्र के खाद विक्रेताओं के सभी दुकानों पर निरीक्षण किया गया। जिसमें दुकानों पर यूरिया पर्याप्त मात्रा में पाई गई। इसी क्रम में सरस्वती खाद भंडार पर स्टॉक रजिस्टर में 585 बोरी कश्यप खाद भंडार पर 84 बोरी दयाल खाद भंडार पर 294 बोरी एग्री जंक्शन केंद्र पर 105 बोरी यूरिया सही पाई गई। साथ ही श्री सिंह व श्री पांडेय अशोक कुमार राज कुमार मौर्या, रंजीत कुमार ,भगवानदास , राज नारायण यादव, गोदाम प्रभारी द्वारा दुकानों पर रहकर 266 रूपये 50 पैसे के रेट से किसानों को उचित दर पर यूरिया वितरण कराई गई ।इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कृषि अनिल सिंह ने बताया कि विकास खण्ड में यूरिया की कोई कमी नहीं है ।सभी जगह यूरिया उपलब्ध है किसान भाई 266 रूपये 50 पैसे के रेट पर यूरिया प्राप्त कर सकते हैं। यदि कोई दुकानदार यूरिया के साथ जिंक अथवा सल्फर साथ में जबरदस्ती दे रहा है तो उसकी शिकायत मुझे किया जाए और मेरे नंबर पर अवश्य काल करें कल तक सभी सोसाइटीयों पर भी यूरिया उपलब्ध हो जाएगी।

## सोलह से अट्ठारह वर्ष के छात्र छात्राओं का हुआ कोविड टिकाकरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाध्गोरखपुर। गोला क्षेत्र के आनन्द विद्या पीठ इण्टर कालेज ककरही में आज सोमवार को सोलह से अट्ठारह वर्ष के छात्र छात्राओं का सी एच सी प्रभारी डाक्टर योगेन्द्र सिंह की टीम द्वारा कोविड 19 टिकाकरण कीया गया। इसमें 41 छात्र छात्राओं को आज टिका लगा ।डाक्टरों की टीम में डा. योगेन्द्र सिंह, डा. नितू सिंह, प्रतिमा कुमारी, प्रिया सिंह, सोनू श्रीवास्तव और सुभनित श्रीवास्तव शामिल थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम अभी कल भी चलेगा। डाक्टर टीम के सहयोग में विद्यालय के शिक्षक अजय शुक्ल, समीर राय, अनिल राय विरेन्द्र, दीपक सिंह आदि उपस्थित रहे.

## रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर ने किशोरों में किया मास्क का वितरण, टीकाकरण में किया सहयोग,

बस्ती। सोमवार को 15 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को कोवैसिन हेतु श्री कृष्ण पाण्डेय इण्टर कॉलेज में कोरोना टीकाकरण सत्र आयोजन किया गया । स्वास्थ्य विभाग की टीम का रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर ने सहयोग किया। रोटरी चला गांव की ओर कार्यक्रम के तहत सभी बच्चों को मास्क सैनिटाइजर तथा सूक्ष्म जलपान कराया गया। रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर के अध्यक्ष लक्ष्मी कान्त पाण्डेय, उपाध्यक्ष डॉ. वी.के. वर्मा तथा सचिव मुनीरउद्दीन अहमद कबीस ओवराल, तथा टीकाकरण टीम में ए एन एम दीप्ति सिंह, पलक श्रीवास्तव, सुभाष चन्द्र चौधरी, प्रियदर्शन तिवारी, जय सिंह, राम मोहन सिंह, बलबीर, राजन कुमार, कृष्ण कुमार आदि ने सहयोग किया। रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर के अध्यक्ष लक्ष्मी कान्त पाण्डेय और डा. वी.के. वर्मा ने बच्चों को टीकाकरण के फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आझार ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश शुक्ल ने किया।

## गाजीपुर ने खैराबाद को 1-0 से हराकर जीता खिताबी शील्ड

बड़हलगंज। नेशनल स्पोर्टिंग क्लब बड़हलगंज के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में गाजीपुर की टीम ने खैराबाद को 1–0 से हराकर 51 हजार नगदी के साथ चमचमाते शील्ड पर अधिकार कर लिया। मैन आफ द सीरीज रहे गाजीपुर के खिलाड़ी इरफान को कमेटी ने बाइक प्रदान की। सोमवार को नेशनल इंटर कॉलेज के मैदान में चल रहे ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच टाउन क्लब गाजीपुर व माडर्न स्पोर्टिंग क्लब खैराबाद के बीच खेला गया। मुकाबला कांटे का रहा। दोनो टीमे जोर आजमाइश करती रही। खेल के 15 वें मिनट मे गाजीपुर के खिलाड़ी अभय ने शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी ।मैच के मुख्य अतिथि चिल्लूपार की वरिष्ठ नेत्री पूनम गुप्ता,चेयरमैन श्रीमती दुर्गा देवी, मानव सेवा संस्थान के प्रबंधक व जिलापंचायत सदस्य आलोक गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहित किया ।निर्णायक खुर्शीद आलम, अमीर खान व सगीर खान रहें, जबकि उद्घोषक मुन्ना शाही व वीरेंद्र कुमार रहे।

# सम्पादकीय

**कहते हैं कि कुदरत ने हर हाथ व पेट के लिये व्यवस्था की है। कमी है तो मनुष्य के लालच की, जो दूसरों का हक मारकर बैठ जाता है। देश में वैश्वीकरण व उदारीकरण के दौर में आर्थिक असमानता का जो दौर शुरू हुआ है, उसने अमीर–गरीब की खाई को बढ़ाया ही है। नया साल हो या कोई पर्व– ये ...**

## सुरक्षा ही बधाई

वाकई नया साल हम ऐसे माहौल में मना रहे हैं जब एक बार फिर कोरोना महामारी की लहर की आशंका बनी है। नये कोरोना वेरिएंट के खतरे से पूरी दुनिया सहमी है। देखते ही देखते ओमीक्रोन ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके बारे में ठीक–ठीक जानकारी हमारे पास नहीं है। लेकिन जीवन जीवटता का पर्याय है। भारत जैसे विकासशील देश ने जैसे आत्मनिर्भरता का परचम लहराते हुए देश में विकसित व निर्मित टीके से एक अरब से अधिक लोगों को टीका लगाकर कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उसकी दूसरी मिसाल नहीं है। दरअसल, नया साल हमारी सोच का पर्याय है। सकारात्मक दृष्टिकोण व जीवटता के जज्बे से हम हर दिन को नया बना सकते हैं। यह बहस का मुद्दा नहीं है कि यह नववर्ष परंपरागत नववर्ष नहीं है। जीवन का उल्लास जब सारी दुनिया मिलकर अभिव्यक्त करती है तो खुशी कई गुना बढ़ जाती है। यह चुनौती का समय है। जब तक नये वेरिएंट की वैक्सीन को लेकर पर्याप्त जानकारी वैज्ञानिकों के पास नहीं है, तब तक बचाव ही कारगर वैक्सीन है। हमने पहली व दूसरी लहर में बहुत कुछ खोया है। आज उसके सबकों से सीख लेकर आगे जीवन तय करने का वक्त है। इस दौर में जहां मुसीबतों को अवसर में बदलने वाले लोग सामने आये तो मानवता का उदात्त रूप भी सामने आया। प्रवासी श्रमिकों के लिये रात–दिन चलने वाले लंगर व मदद को उठे हाथ मानवता पर विश्वास को और पुख्ता कर गये। यह चुनौती का समय वंचित समाज की मदद को आगे आने का है। सर्वकल्याण की भावना ही हमारे नये साल के संकल्प का आधार होना चाहिए। सही मायनों में दुख बांटने से जो असीम सुख हासिल होता है, वही नये साल के पर्व का मर्म भी है। कोरोना संकट ने बताया भी है कि दुनिया का कोई देश यदि वैक्सीन या दवाइयों से वंचित रह जाता है तो परिवर्तित वेरिएंट दुनिया में फिर कहर बरपा सकता है। निस्संदेह, नया साल एक मानक ही है, जीवन में बदलाव लाने का। हम नये साल पर कुछ अच्छा करने का संकल्प लेते हैं। अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करते हैं। कोशिश करते हैं कि नये साल में किसी बुरी आदत को छोड़कर अच्छी आदत को डालें। कोरोना संकट ने मानवता को बड़े सबक दिये हैं। दवाओं व ऑक्सीजन की कालाबाजारी से लेकर मरीजों को उलटे उस्तरे से मूंडने वाले अस्पतालों की कलई खुली है। मौके का चौका लगाने वालों की भी कमी नहीं होती। लेकिन समाज में फिर भी सकारात्मक सोच वाले मदद को उठे हाथ ज्यादा हैं। इस सामूहिक सोच को समाज की ताकत बनाने की जरूरत है। आर्थिक व भौतिक समृद्धि तभी सार्थक है जब हम महात्मा गांधी के ट्रस्टीशिप के विचार को मूर्त रूप दें। अपने पर्याप्त संसाधनों से जरूरतमंदों की मदद करें। कोरोना संकट में हमारे चिकित्सा तंत्र की जो तमाम खामियां सामने आई हैं, उनको दूर करने का संकल्प हम इस नये साल में लें। गरीब आदमी को सस्ता व कारगर उपचार उपलब्ध हो, इसके लिये सामुदायिक पहल हो। समाज के पीयूष जैनों को धन तहखानों में छिपाने के बजाय मानवता के कल्याण के लिये लगाने की जरूरत है। धन एक सीमा तक तो उपयोगी होता है, उसके बाद तो वह महज गिनती ही है। जो व्यक्ति व समाज की मुश्किलें बढ़ाता है। कहते हैं कि कुदरत ने हर हाथ व पेट के लिये व्यवस्था की है। कमी है तो मनुष्य के लालच की, जो दूसरों का हक मारकर बैठ जाता है। देश में वैश्वीकरण व उदारीकरण के दौर में आर्थिक असमानता का जो दौर शुरू हुआ है, उसने अमीर–गरीब की खाई को बढ़ाया ही है।

## कविता

### क्रिकेट.........

खेल के हर मैदान में क्रिकेट
गली, खेत – खलिहान में क्रिकेट ।।

कहाँ कबड्डी, गुल्ली – डंडा ?
गाँव के हर सीवान में क्रिकेट ।।

मुर्दे चौन से कैसे सोयें ?
जब हो कब्रिस्तान में क्रिकेट ।।

टीवी पर सब देख रहे हैं,
घर – घर में, दूकान में क्रिकेट ।।

लिए रेडियो कुछ दीवाने,
घोल रहे हैं कान में क्रिकेट ।।

बाजारों को करती सूना,
भारत– पाकिस्तान में क्रिकेट ।।

जाने सब क्यों नहीं खेलते ?
अमरीका, जापान में क्रिकेट ।।

नियाज को लगता है भारत में,
बसा है सबकी जान में क्रिकेट ।।



रचनाकार–
नियाज कपिलवस्तुवी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

## बदलते वक्तके साथ तार्किक हो नजरिया

**बहुचर्चित शारदा अधिनियम 1930 में पारित हुआ। इस अधिनियम ने पहली बार शादी की उम्र को स्वास्थ्य के आधार पर तार्किक बनाने की कोशिश की। इसके तहत 18 वर्ष से कम आयु के लड़कों और 14 वर्ष से कम आयु की लड़कियों की शादी को अवैध घोषित कर दिया गया। इसके बाद आजादी के बाद 1954 में विशेष विवाह अधिनियम आया, जिसमें विवाह के लिए लड़कियों की उम्र 18 और लड़कों की उम्र 21 ...**

उमेश चतुर्वेदी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र सीमा को 18 से बढ़ाकर 21 करने का फैसला क्या लिया, राजनीति शुरू हो गई है। एमआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल उठाया है कि अगर 18 साल की उम्र के युवा मतदान कर सकते हैं तो शादी की उम्र 21 साल क्यों होनी चाहिए। विवादित बयानों के लिए विख्यात समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने इससे भी आगे की बात कही है। उन्होंने कहा है कि लड़कियों की शादी की उम्र सीमा बढ़ाने के बाद वे और ज्यादा आवारगी करेंगी। समाजवादी पार्टी के ही महाराष्ट्र के नेता अबु आजमी तो इस विधेयक को जनसंख्या नियंत्रण की कोशिश से जोडने से भी नहीं रुके। झारखंड के भी एक मंत्री ने इस प्रस्तावित कानून का विरोध किया है। झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने की कोशिश दरअसल असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए है। कांग्रेस सांसद शक्ति सिंह गोहिल का कहना है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ध्रुवीकरण की राजनीति के तहत लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने की तैयारी में है।

दरअसल, सरकार ने यह फैसला समता पार्टी की पूर्व अध्यक्ष जया जेटली की अध्यक्षता वाली टास्क फोर्स की सिफारिश पर लिया है। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने यह टास्क फोर्स जून, 2020 में गठित की थी। इसके सहअध्यक्ष नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल थे। दस सदस्यीय इस समिति में जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय की कुलपति नजमा अख्तर, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय मुंबई की पूर्व कुलपति वसुधा कामथ और गुजरात की जानी–मानी महिला रोग विशेषज्ञा दीप्ति शाह समेत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला व बाल विकास, उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्रालयों के सचिव और कानून एवं न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग के अधिकारी शामिल थे। इस टास्क फोर्स को शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर, कुल प्रजनन दर, जन्म के समय लिंग अनुपात, बाल लिंग अनुपात समेत पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित तमाम अन्य मुद्दों पर विचार करना था।

वैसे प्रधानमंत्री मोदी ने इस कानून में बदलाव के संकेत पिछले साल के स्वाधीनता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से देश के नाम अपने संबोधन में दे दिए थे। तब प्रधानमंत्री ने कहा था, श्हमने एक कमेटी का गठन किया है, जो यह सुनिश्चित करेगी कि बेटियां अब कुपोषण की शिकार न हों और उनकी शादी सही समय पर हो। जैसे ही कमेटी की रिपोर्ट सामने आएगी, बेटियों की शादी की उम्र के बारे में, उचित फैसले लिए जाएंगे।य टास्क फोर्स की सिफारिश डॉक्टरों की उस राय पर आधारित है, जिसके मुताबिक पहले बच्चे के जन्म के समय, महिला की उम्र कम से कम 21 साल होनी चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि शादी में देरी से परिवारों, महिलाओं, बच्चों और समाज पर सकारात्मक आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी असर पड़ते हैं। टास्क फोर्स ने दावा किया है कि उसकी रिपोर्ट कम तथा मध्यम आय वाले पचास से ज्यादा देशों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है। टास्क फोर्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उन शिशुओं की सेहत खराब होने का खतरा कम रहता है, जिस महिला की उम्र पहले बच्चे के जन्म के वक्त 27 से 29 वर्ष होती है। टास्क फोर्स ने माना है कि मां बनने की आदर्श आयु 21 से 35 वर्ष के बीच की होती है। इसके बावजूद इस प्रस्तावित कानूनी बदलाव के बाद एक सवाल मुंहबाए खड़ा रहेगा। दरअसल, सहमति से शारीरिक संबंध की कानूनी उम्र सीमा 18 साल है। जाहिर है कि जब शादी की न्यूनतम उम्र 21 साल की जाएगी तो सहमति वाला यह प्रावधान भी आड़े आएगा। सवाल यह उठेगा कि क्या बिना शादी के सहमति से बनाये गये संबंध जायज हैं या नहीं। लेकिन टास्क फोर्स ने इस पर आलोचनात्मक नजरिया अपनाने की बजाय यौन काउंसलिंग और यौन शिक्षा पर फोकस करने पर जोर दिया है।

दरअसल, अभी लड़कियों की शादी की वैधानिक उम्र 18 साल है, जबकि लड़कों की 21 साल निर्धारित है। वैसे 1872 के पहले तक विवाह के लिए अपने देश में कोई कानून नहीं था। इस कारण बाल विवाह भी खूब होते थे। समाज सुधारकों की मांग पर अंग्रेज सरकार ने 1872 में नेटिव मैरिज एक्ट पारित किया। इस कानून के मुताबिक 14 वर्ष से कम उम्र वाली लड़कियों की शादी पर पाबंदी लगा दी गई। इसके बाद साल 1891 में सम्मति आयु अधिनियम पारित किया गया, जिसके तहत 12 वर्ष से कम आयु वाली लड़कियों के विवाह पर रोक लगा दी गई। बहुचर्चित शारदा अधिनियम 1930 में पारित हुआ। इस अधिनियम ने पहली बार शादी की उम्र को स्वास्थ्य के आधार पर तार्किक बनाने की कोशिश की। इसके तहत 18 वर्ष से कम आयु के लड़कों और 14 वर्ष से कम आयु की लड़कियों की शादी को अवैध घोषित कर दिया गया। इसके बाद आजादी के बाद 1954 में विशेष विवाह अधिनियम आया, जिसमें विवाह के लिए लड़कियों की उम्र 18 और लड़कों की उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई। बहरहाल, शादी के कानूनों में प्रस्तावित इस विवाद के बावजूद लगता नहीं कि सरकार पीछे हटने के मूड में है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मंडी में एक सभा में प्रधानमंत्री ने कह भी दिया कि जब हर मौके पर बराबरी की बात होती है तो शादी के लिए बराबरी की बात क्यों न हो।

## दलों-नेताओं का भविष्य भी बतायेगा नव वर्ष

**इस गठबंधन में उनके नाराज चाचा शिवपाल यादव की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी समेत शामिल तो कई दल हैं, पर सबसे ज्यादा निगाहें जयंत चौधरी के राष्ट्रीय लोकदल पर टिकी हैं। वजह भी साफ है। हालिया किसान आंदोलन का सबसे ज्यादा असर पंजाब हरियाणा के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रहा, जहां 2014 से पहले तक रालोद का परंपरागत वोट बैंक जाट–मुसलमान मिल कर एक विजयी...**

राजकुमार सिंह

चुनाव होते तो हैं, भावी सरकार चुनने के लिए, पर और भी बहुत कुछ तय कर जाते हैं। फिर वर्ष 2022 की तो शुरुआत ही नहीं, समापन भी कुछ महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनाव से होगा। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि नव वर्ष न सिर्फ राजनीतिक दलों की दिशा, बल्कि कुछ नेताओं का भविष्य भी बतायेगा। फरवरी–मार्च में संभावित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को वर्ष 2024 का सेमीफाइनल भी माना जा रहा है तो इसके दो अहम कारण हैं रू पहला, इन राज्यों में लोकसभा में सर्वाधिक 80 सांसद भेजनेवाला उत्तर प्रदेश भी शामिल है, जिसने लगातार दो लोकसभा चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिलवाने में निर्णायक भूमिका निभायी है। दूसरा, इन राज्यों में पंजाब और उत्तराखंड भी शामिल हैं, जिनमें से पहले राज्य में कांग्रेस की सरकार है, तो दूसरे में वह भाजपा से सत्ता छीनने की प्रबल दावेदार है। बेशक उत्तर प्रदेश और गोवा में भी कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर निगाहें रहेंगी, लेकिन पंजाब और उत्तराखंड में प्रदर्शन उसकी दिशा भी तय करेगा। अपने ऐतिहासिक पराभव काल से गुजर रही देश की इस सबसे पुरानी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का फैसला भी इसी साल होना है। चुनावी परीक्षाओं में लगातार विफलता वाले दल का पुनरू नेतृत्व संभालने से राहुल गांधी का न तो मनोबल ऊंचा होगा और न ही वरिष्ठ नेताओं में उनकी स्वीकार्यता बढ़ेगी।

अगर बड़बोले नवजोत सिंह सिद्धू के समक्ष समर्पण करने और मुख्यमंत्री पद पर दलित कार्ड चलने के बाद भी कांग्रेस सीमावर्ती राज्य पंजाब में सत्ता बरकरार नहीं रख पाती है तो उससे हिमाचल प्रदेश और हरियाणा में भी उसकी संभावनाओं पर नकारात्मक असर ही पड़ेगा, जहां क्रमशरू 2022 और 24 के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। कुछ समय पहले तक पंजाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस–आप और अकाली–बसपा गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना जतायी जा रही थी। त्रिकोणीय मुकाबले में कांग्रेस का पलड़ा भी भारी माना जा रहा था, लेकिन मुख्यमंत्री पद से कैप्टन अमरेंद्र सिंह की बेआबरू विदाई और फिर अंततरू तीन विवादास्पद कृषि कानूनों की वापसी के बाद समीकरण तेजी से बदले हैं। आलाकमान के व्यवहार से आहत अमरेंद्र सिंह ने कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बागी नेताओं द्वारा सुखदेव सिंह ढींढसा के नेतृत्व में गठित अकाली दल (संयुक्त) के साथ गठबंधन कर चुनाव को चतुष्कोणीय बनाने का दांव चला है। बेशक बहुकोणीय चुनावी मुकाबले में हार–जीत का अंतर बहुत कम रह जायेगा, जिसका प्रभाव किसी एक दल तक सीमित नहीं रहेगा, लेकिन यह समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि अनुभवी कप्तान की व्यूह रचना के निशाने पर मुख्यतरू कांग्रेस ही रहेगी, जिससे भारत को मुक्त करना भाजपा का घोषित लक्ष्य भी है। भले ही उनके नवगठित दल का नाम पंजाब लोक कांग्रेस हो, पर यह तो खुला रहस्य है कि अमरेंद्र सिंह अब पंजाब में भाजपाई रणनीति के ही कप्तान हैं। जब सभी के निशाने पर कांग्रेस है, तो त्रिशंकु विधानसभा की तस्वीर उभरने पर कांग्रेस विरोधी नये सत्ता समीकरण बनने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। वर्ष 2022 में तय हो जायेगा कि अमरेंद्र सिंह भाजपा के लिए हेमंत विस्वा शर्मा साबित होंगे या फिर चिराग पासवान। किसान आंदोलन की सफलता को चुनाव में भुनाने चले बलबीर सिंह राजेवाल और गुरनाम सिंह चढ़ूनी जैसे लोग जिसका भी खेल बिगाड़ें, इससे किसान आंदोलन की साख को पहुंचनेवाली ठेस की भरपाई मुश्किल होगी। पंजाब की सत्ता जाने से कम झटका कांग्रेस के लिए उत्तराखंड में सत्ता हासिल न कर पाना भी नहीं होगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का पिछला अनुभव बताता है कि अगर मुकाबला सीधा हो तो भाजपा के विकल्प के रूप में कांग्रेस की स्वीकार्यता अभी भी है। उत्तराखंड का इतिहास भी हर चुनाव में सरकार बदलने का रहा है। पिछले साल चंद महीनों में तीन मुख्यमंत्री बदलना उत्तराखंड की बाबत भाजपा की बेचैनी को ही दर्शाता है, लेकिन हरीश रावत विरोधी गुट की सक्रियता तथा इस बार आप द्वारा भी चुनावी ताल ठोंकना कांग्रेस की चुनावी संभावनाओं को ग्रहण लगा सकता है। बेशक उत्तराखंड छोटा–सा पहाड़ी राज्य है, सांसद–संख्या की दृष्टि से जिसकी राष्ट्रीय राजनीति में ज्यादा बड़ी भूमिका नहीं है, लेकिन वहां सत्ता हासिल न कर पाने का संदेश कांग्रेस के लिए बेहद नकारात्मक साबित होगा, क्योंकि दो अन्य छोटे राज्यों– गोवा और मणिपुर में भी उसके विरुद्ध जबर्दस्त घेराबंदी की जा रही है। यह जानना दिलचस्प होगा कि पिछले विधानसभा चुनाव में गोवा में कांग्रेस सबसे बड़े दल के रूप में उभरी थी, लेकिन उसकी सुस्ती का लाभ उठा कर भाजपा ने वहां सरकार बना ली। फिर इस बार तो वहां न सिर्फ आप ताल ठोंक रही है, बल्कि कांग्रेसियों को तोड़कर तृणमूल भी सत्ता की दावेदार बनने की फिराक में है।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस दशकों से हाशिये पर है। तर्क दिया जा सकता है कि वहां उसका बहुत कुछ दांव पर नहीं है, लेकिन भावी राष्ट्रीय राजनीति में ताल ठोंकने का इरादा रखनेवाला कोई भी दल उत्तर प्रदेश को नजरअंदाज कर आत्मघात ही करेगा। यही कारण है कि मुख्य विपक्षी दल सपा द्वारा गठबंधन से इनकार कर दिये जाने के बाद प्रियंका गांधी कांग्रेस के आक्रामक अभियान का आर–पार के अंदाज में नेतृत्व कर रही हैं। महिलाओं को 40 प्रतिशत विधानसभा टिकट समेत हर संभव दांव आजमाये जा रहे हैं– कांग्रेस की चुनावी किस्मत बदलने के लिए। विधानसभा चुनाव में सपा–बसपा के वर्चस्व के बावजूद 2009 तक लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सम्मानजनक सीटें मिल जाती थीं, लेकिन 2014 में मोदी लहर के बाद से वह पूरी तरह हाशिये पर है। अमेठी ने तो पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी से मुंह फेर लिया, अब विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में प्रियंका का डंका कितना बज पायेगाकृइस पर प्रियंका ही नहीं, कांग्रेस का राजनीतिक भविष्य भी निर्भर करेगा। संभावित भाजपा विरोधी राष्ट्रीय गठबंधन में भी कांग्रेस की हैसियत इसी बात पर निर्भर करेगी कि पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता बचाते हुए वह उत्तर प्रदेश–बिहार जैसे बड़े राज्यों में अपना खोया जनाधार किस हद तक वापस पा सकती है।

उत्तर प्रदेश में पिछले चुनावों में दो लड़कों का बड़ा शोर था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की वह जोड़ी मतदाताओं का मन नहीं जीत पायी तो दलों और दिलों में दूरियां बढ़ती गयीं। नतीजतन पिछले लोकसभा चुनाव में कट्टर प्रतिद्वंद्वी बसपा तक से गठबंधन कर लेनेवाली सपा ने इस बार कांग्रेस से हाथ मिलाने से साफ इनकार कर दिया। बसपा और कांग्रेस के बजाय अखिलेश ने इस बार छोटे दलों से गठबंधन का प्रयोग किया है।



## दिल्ली व नेपाल का युवक मिला कोरोना संक्रमित

महराजगंज। कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। दो युवकों की कोरोना संक्रमित की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। इसमें एक नेपाल और दूसरा दिल्ली का निवासी है। इस प्रकार कोरोना के सक्रिय रोगियों की संख्या 26 हो गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके श्रीवास्तव ने बताया कि सोनौली सीमा पर एंटीजन से जांच के दौरान दो युवकों की रिपोर्ट निगेटिव आई थी। इसके बाद दोनों की आरटीपीसीआर जांच के लिए नमूना गोरखपुर भेजा गया। जिसकी रिपोर्ट आज पाजिटिव आई है। इसकी ट्रेवल हिस्ट्री खंगाली जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल संक्रमितों की संख्या 12469 हो गई है। 12303 रोगियों ने कोरोना को मात दे दी है। अब तक मृतकों की संख्या 140 है। वर्तमान में त्रिपुरा के 19 यात्रियों सहित सक्रिय रोगियों की संख्या 26 हो गई है।

### 577 को लगा टीका, 258 की हुई जांच

महराजगंज। जिले में कोरोना से बचाव का टीका और जांच का कार्य काफी फीका रहा। इस दिन सिर्फ 577 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया, जबकि 258 लोगों की जांच की गई। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि एंटीजन से 130 लोगों की जांच की गई है। आरटीपीसीआर जांच के लिए 128 लोगों को नमूना भेजा गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना को लेकर कोई लापरवाही न बरते। टीका अवश्य लगवाएं। टीका सेहत के लिए फायदेमंद है। इससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

## 1466 रोगियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

महराजगंज। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन जिले के 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया गया। इस दौरान 1466 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और 28 लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मेले में 607 पुरुष, 659 महिलाएं और 200 बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है।

## संतोष, चिउरहा आटो चालकों व प्राइवेट बसों की रही चांदी

महराजगंज। बस नहीं होने से आटो चालकों और प्राइवेट बसों की भी खूब चांदी रही। वह भूंसे की तरह यात्री बैठाकर रवाना हुए। निर्धारित किराया से अधिक लेने और अधिक सवारी बैठाने के कारण कई यात्रियों ने इसमें बैठने से अपने आप को किनारे रखा। यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस मार्ग पर वर्तमान में 10 से 12 बसें चलती हैं। एक घंटे के अंतराल में यात्रियों को बस क्यों नहीं मिली, इसकी जांच की जा रही है। तैनात कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

## सो रहे जिम्मेदार, बसों के लिए यात्री हलकान

महराजगंज। परिवहन निगम के कर्मचारियों की महिमा निराली है। इन्हें न तो कार्रवाई का खौफ है और न ही जिम्मेदारी का अहसास। ठंड में यात्री घंटों बसों के लिए भटकते रहे, लेकिन रोडवेज बस स्टेशन पर तैनात कर्मचारी सोते रहे। दोपहर 1.10 बजे से महराजगंज बस स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ लगी रही है। निचलौल, ठूठीबारी जाने के लिए एक घंटे से कोई बस नहीं थी। ठंड में ठिठुरते हुए यात्री सड़क पर ही बसों के इंतजार में खड़े थे। बसों के नहीं मिलने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हैरत की बात यह है कि वहां तैनात कर्मचारी सोते रहे। यात्रियों के आवाज लगाने के बाद भी उनकी नींद नहीं टूटी। इसी बीच इनकी शिकायत एआरएम तक पहुंच गई, लेकिन एआरएम के मोबाइल फोन की घंटी भी इन्हें सुनाई दी। ठूठीबारी जाना है। लेकिन एक घंटे से कोई बस नहीं है। दो बस आई थी, वह तेल भरवाने की बात कह कर निकल गई। इसके बाद से अभी तक नहीं आई। यात्री में ठंड में ठिठुर रहे हैं। बिदु कन्नौजिया, सरोजनी नगर मैं गोरखपुर से महराजगंज तक बस से आया हूं। अब निचलौल जाना है, लेकिन कोई बस नहीं है। यहां एक घंटे से खड़ा हूं। कोई बताने वाला भी नहीं है कि बस आएगी, या नहीं। सूरज, निचलौल मुझे ठूठीबारी जाना है। बस आने की उम्मीद में एक घंटे से खड़ा हूं। यहां यात्रियों के लिए बैठने और अलाव तक की सुविधा नहीं है। अधिकारियों को इसके लिए ध्यान देने की जरूरत है।

## प्रशिक्षु आइएएस ने बृजमनगंज थाने पर पहुंच कर ली जानकारी

महराजगंज । प्रशिक्षण एवं शोध के लिए नयनसर में रुके प्रशिक्षु आइएएस ने बृजमनगंज थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम थाना परिसर पहुंच कर जन समस्याओं व थाने आने वाले विभिन्न फरियादियों के बारे में जानकारी हासिल की। प्रशिक्षुओं ने थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, बंदी गृह के संबंध में एसओ देवेंद्र कुमार सिंह से विस्तृत जानकारी ली। छह प्रशिक्षु 27 दिसंबर से विकास खंड बृजमनगंज के ग्राम पंचायत नयनसर में स्थिति सचिवालय में रुके हैं।

जहां प्रशिक्षु अफसरों के रहने, खाने सहित रात्रि विश्राम करने की व्यवस्था ग्राम प्रधान मुन्नीलाल चौहान ने कराई है। प्रशिक्षु टीम में आइपीएस किरन यादव, आइआरएस नीना विश्वनाथ, आइएएस जय विकास, आइएफएस आमिर बशीर, मोहम्मद अजीज खान ने थाने पर पुलिस कर्मियों से मुकदमे, अपराध व दुर्घटना के बारे में बातचीत कर जानकारी ली। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक उमाकांत सरोज, दिनेश पांडेय, अश्वनी मौर्या, राजेन्द्र सिंह, फुलकुंवर चौहान मौजूद रहे।

## युवाओं के बल पर यूपी में फिर बनेगी भाजपा की सरकार

देवरिया । राज्यमंत्री आंनद स्वरूप शुक्ल ने कहा कि युवा देश की दशा व दिशा को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में युवाओं की ताकत को सभी ने महसूस किया। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने युवाओं के लिए कई कार्य किए। युवाओं के बल पर यूपी में फिर भाजपा की सरकार बनेगी।

वह सोनूघाट स्थित विवाह भवन में भाजपा युवा मोर्चा की तरफ से आयोजित बरहज विधानसभा क्षेत्र के जिला युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सपा, बसपा व कांग्रेस की सरकारों ने केवल युवाओं का वोट लेने व उन्हें छलने का काम किया था। भाजपा सरकार में युवाओं को जाति व मजहब के नाम पर दंगे सुनाई नहीं देते, बल्कि वह विकास की कहानी सुन व देख रहा है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी ने कहा कि सपा, बसपा व कांग्रेस ने युवाओं को जाति वर्ग के नाम पर तोड़ने का काम किया, लेकिन आज प्रदेश का युवा राष्ट्रवादी सोच के साथ भाजपा सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह ने विधानसभा चुनाव में ताकत का अहसास कराने का आह्वान किया।अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रताप मल्ल व संचालन रंजीत सिंह ने किया। सम्मेलन में सदर विधायक डा. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, प्रमोद शाही, मनमोहन सिंह अप्पू, सूरज राय, दिलीप मिश्र, अरुण सिंह, संजय सिंह, अंबिकेश पांडेय, अभिमन्यु सिंह, सुधांशु रंजन मिश्र, शैलेश सहाय, अश्वनी सिंह, मनीष विश्वकर्मा, शिवम गुप्ता, मदन उपाध्याय, रजनीश उपाध्याय, राजेश मिश्र, ममता शाह, उग्रसेन राव आदि मौजूद रहे।

## कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले को देखते हुए प्रशासन अलर्ट

देवरिया। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। डीएम आशुतोष निरंजन ने वेंटीलेटर, बाइपैप, एचएफएनसी मशीनों की क्रियाशीलता की जांच के साथ ही महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में स्थापित बीएसएल–टू लैब में आरटीपीसीआर जांच को दोगुना किए जाने का निर्देश दिया है। जनपद में सरकारी अस्पतालों में 410 व निजी अस्पतालों में 95 यानी कुल 505 आक्सीजन युक्त बेड तैयार किए गए हैं। इसके अलावा पांच एलपीएम के 611 व 10 एलपीएम के 219 यानी कुल 830 आक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं। जनपद में छह आक्सीजन प्लांट क्रियाशील हैं, जिसमें सीएचसी पिपरा दौलाकदम में 500, सीएचसी रुद्रपुर में 250, जिला अस्पताल में एक हजार, महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में 500 एलपीएम के अलावा एमसीएच विग में एक हजार एलपीएम के दो आक्सीजन प्लांट शामिल हैं। एमसीएच विग में लगाए गए 85 एलपीएम के आक्सीजन प्लांट में आई गड़बड़ी को दुरुस्त किया जा रहा है। इसके अलावा जिला महिला अस्पताल के एमसीएच विग में 57, सीएचसी रुद्रपुर में 12, सीएचसी लार में 20, सीएचसी गौरीबाजार में 12, सीएचसी पिपरा दौलाकदम में 12 पीआइसीयू बेड व 17 ईटीसी वार्डो को पूर्ण रूप से क्रियाशील किया जा चुका है। इसके लिए 33 चिकित्सक, 34 स्टाफ नर्स व 18 सीएचओ को प्रशिक्षित किया गया है। छह व सात जनवरी को जनपद के सभी सीएचओ को कोविड सैंपलिग, आइपीसी व कोविड मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीएमओ के अधीन कार्यरत 145 चिकित्सकों व बाल रोग विशेषज्ञों, 117 सीएचओ व 31 एलटी, 46 एलए, 98 फार्मासिस्ट को कोरोनारोधी टीकाकरण कार्य का अनुभव है। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने बताया कि तीसरी लहर को देखते हुए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मशीनों की क्रियाशीलता की जांच के लिए सीएमओ को निर्देश दिए गए हैं।

## 42 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर के तहत दर्ज हुए 14 मुकदमे

देवरिया। विधानसभा चुनाव को देखते हुए जनपद की पुलिस ने जेल में निरुद्ध 42 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत चौदह मुकदमे दर्ज किए। सभी अपराधी वाहन चोरी, शराब व पशु तस्करी में आरोपित हैं। सदर कोतवाली पुलिस ने चोरी, लूट व हत्या के आरोपित कुशीनगर के सेमरा हरदो का इबरान सिद्दीकी व रोहित कुमार, कूटरचित दस्तावेज बनाकर ठगी करने के आरोपित गोंडा जनपद का रहने वाला कमलेश्वर मिश्र, जीवननाथ मिश्र व संजय कोरी, रामपुर कारखाना पुलिस ने गोरखपुर का मुश्ताक, सठियांव खुखुंदू का शिवनाथ गिरि, गोरखपुर का गोलू, आजमगढ़ का सोहराब के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इसके अलावा बरियारपुर, बनकटा, मईल, सलेमपुर, भाटपाररानी, बघौचघाट व रुद्रपुर पुलिस ने 30 पशु तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है, जिसमें योगेंद्र यादव व सुनील यादव खजुरिया थाना बरियारपुर, मो.इजहार अली व छोटे अली खगौरा थाना धनौती जिला सिवान बिहार, अजय शिल्पकार कोठवा जलालपुर थाना अहरौली आजमगढ़, रामलखन पक्खनपुर थाना अहरौली जनपद आजमगढ़, आर्शिफ बड़गांव थाना शाहगंज आजमगढ़ मुनीश नसीरपुर थाना बिलरियागंज आजमगढ़, इरशाद, इशरार व इजहार अंसारी सोफीगढ़ थाना अहरौला आजमगढ़, सलमान अहमद कोठिला थाना रानी की सराय आजमगढ़, मो.दानिश माहुल गौशपुर थाना अहिरौली आजमगढ़, इशराफिल बरईपार बाबू थाना भाटपाररानी, हरिकेश रघवापुर सदर कोतवाली, राकेश मिश्र कौड़िया मिश्र थाना सलेमपुर, दुर्गेश साहनी डोलछपरा थाना सलेमपुर, सिराजू अमहद कुईचवर थाना भलुअनी, मो.तालीब, शौकत अली व अबरार अहमद पटैला थाना खुटहन जनपद जौनपुर, इंदल गौतम मदारपुर थाना सरपतहा जनपद जौनपुर, लक्षमन साहनी व इंद्रजीत फकहां थाना बघौचघाट, योगेंद्र यादव सचौली पटवनिया थाना एकौना, शुभम दूबे उर्फ अभिषेक परसौना थाना रुद्रपुर, अमरजीत यादव शिवपुर पड़रही थाना रुद्रपुर, भरत यादव राउतपार थाना गगहा जनपद गोरखपुर, एजाज अहमद व इसराफिल करमैनी थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ शामिल हैं। खामपार पुलिस ने वाहन चोरी के आरोपित मनोज राम, मुलायम कुमार व मंटू राम जगदीश बनथरिया थाना भोरे जनपद गोपालगंज बिहार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## हेल्पडेस्क से महिलाओं की समस्याओं का होगा समाधानः एसपी

कोठीभार थाना परिसर में एपी प्रदीप गुप्ता ने महिला हेल्प डेस्क के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। साथ ही थाने के चौकीदारों को कम्बल भी वितरित किया। महिलाओं को त्वरित न्याय हेतु प्रत्येक थानों में महिला हेल्प डेस्क की व्यवस्था की जा रही है। जिसके क्रम में कोठीभार थाना परिसर में भी महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। जिसके नवनिर्मित भवन का लोकार्पण पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने किया। जिसके बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महिला हेल्प डेस्क के होने से महिलाओं को त्वरित न्याय मिल सकेगा। कड़ाके की इस ठंड में चौकीदार में कम्बल वितरित करते हुए कहा कि हर चौकीदार थाने की अहम कड़ी हैं। क्षेत्राधिकारी निचलौल डीके उपाध्याय, थानाध्यक्ष कोठीभार उमेश कुमार, प्रमोद जायसवाल मौजूद रहे।

## नेपाल के यात्रियों को जोड़ने वाली झुलनीपुर–दिल्ली बस सेवा ठप

महराजगंज। नेपाल और भारतीय सीमा क्षेत्र से सटे गांव के यात्रियों के लिए काफी जद्दोजहद के बाद नवंबर में शुरू की गई झुलनीपुर–दिल्ली बस सेवा यात्रियों के नहीं मिलने के कारण ठप हो गई है। साथ ही ठंड और कोरोना के बढ़ते प्रभाव के चलते यात्रियों का संकट होने से स्थानीय मार्गों की भी बसें प्रभावित हो गई है। जिसके कारण निगम की 15 बसें खड़ी हो गई है। झुलनीपुर से निचलौल–महराजगंज तक के लिए रोडवेज की पहले कोई बस सेवा नहीं थी। इस मार्ग पर रोडवेज बस नहीं चलने से यात्रियों को जहां प्राइवेट वाहनों के शोषण का शिकार होना पड़ता था, वहीं यात्रियों को असुविधा का सामना भी करना पड़ता था। यात्रियों की सुविधा के लिए 20 नवंबर को इस सेवा की शुरूआत की गई थी। झुलनीपुर से चलने वाली यह बस निचलौल, महराजगंज होते हुए गोरखपुर से दिल्ली तक जाती थी। लेकिन इधर चार दिनों से पड़ रही ठंड और कोरोना के बढ़ते प्रभाव के कारण यात्री कम निकल रहे हैं। जिसे बहुत जरूरी रह रहा है, वही बसों की यात्रा कर रहे हैं। यात्री नहीं मिलने से निगम को विवश होकर बसों को वर्कशाप में खड़ा करना पड़ा।

### एक से डेढ लाख का हो रहा नुकसान

विभाग को प्रत्येक दिन करीब एक से डेढ लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। निगम प्रति दिन छह लाख रुपये राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष सिर्फ साढ़े चार से पांच लाख रुपये ही आय कमा पा रहीं है। इससे अधिकारियों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। डीएम की हर बैठकों में विभाग की फजीहत होने के बाद भी लक्ष्य नहीं पूरा हो पा रहा है। इन मार्गों की बसें प्रभावित ठूठीबारी–गोरखपुर, घुघली–सिसवा और झुलनीपुर–दिल्ली की बसें पिछले चार दिनों से प्रभावित हैं। इन रूटों पर बसों के संचलन नहीं होने से कुछ यात्रियों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। ठंड और कोरोना के बढ़ते प्रभाव के कारण यात्रियों की संख्या कम हो गई है। जिसके कई मार्गों की बस सेवा प्रभावित हो गई हैं। बसों में कम से कम 25 यात्री होने के बाद ही बस भेजी जा रही है, ताकि निगम की आय को नुकसान न हो। संख्या कम होने पर बसों को मजबूरी में वापस वर्कशाप में भेजना पड़ता है।

## सर्द हवाओं के साथ बढ़ी गलन, ठिठुरे लोग

महराजगंज। दो दिनों से मौसम ने अचानक करवट ले ली है। पछुआ की सर्द हवाओं ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। इसके चलते मानव संग पशु पक्षी भी पूरी तरह से बेहाल हो गए हैं। सर्द हवा की वजह से . भी भीषण ठंड व गलन रही। पूरे दिन आकाश में बदरी छाई रही। धूप न निकलने से पूरे दिन लोग ठिठुरते रहे और अलाव के सहारे दिन कटा। ऐसे में लगातार चल रही बर्फीली हवा के कारण तापमान में गिरावट होने से मौसम पूरी तरह सर्द हो गया। करीब एक सप्ताह के बाद अचानक बढ़ी ठंड ने लोगों को जमकर कंपकंपाया। हवा की वजह से सुबह कोहरा जल्दी छंट गया, लेकिन ठंड ने पीछा नहीं छोड़ा। जिससे सड़कों पर चलने वाले वाहनों को काफी राहत तो रही , लेकिन ठंड में मुश्किल भी हुई। ठंड की वजह से लोग घरों में ही दुबके रहे। इससे लोगों को और भी दिक्कत झेलनी पड़ी। कई स्थानों पर लोगों ने अलाव जलाकर पूरा दिन काटते रहे। इस तरह से ...अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस पर रहा। अलाव नहीं जलने से बढ़ी परेशानीः ठंड बढ़ने से सार्वजनिक स्थलों पर तो लोगों को और भी दिक्कत हो रही है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि जगहों पर अलाव आदि की व्यवस्था नहीं होने से लोग कांपते हुए नजर आए । ठंड की वजह से रोजमर्रा के कामकाज करने वाले लोग भी काफी परेशान हो गए हैं। इसमें कहीं कामकाज नहीं होने से मजदूरों के लिए तो और भी आफत हो गई है। सिसवा रेलवे स्टेशन, नौतनवा समेत नगर पालिका परिषद महराजगंज की तरफ से कहीं भी अलाव जलता नहीं दिखाई दिया।

## बिचौलियों से मिली भगत कर अवैध गन्ना खरीद करने वाले जायेंगे जेल की सलाखों के पीछेः संजय आर.

गोरखपुर । प्रदेश के आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, श्री संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा बताया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेन्स' की नीति का अनुसरण करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शेरवानी शुगर सिंडीकेट लि., न्योली चीनी मिल प्रबन्धन द्वारा षडयन्त्र के तहत अवैध रूप से, नकद एवं कम दामों में किसानों का गन्ना खरीद कर चीनी मिल को आपूर्ति कराये जाने का प्रकरण संज्ञान में आने पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए चीनी मिल के एम.डी. सहित सभी दोषी अधिकारियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए गन्ना आयुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 23 दिसम्बर,2021 को रात्रि 08:30 बजे, जिला गन्ना अधिकारी, कासगंज, सचिव, जिला सहकारी गन्ना विकास समिति न्योली एवं सम्बन्धित गन्ना पर्यवेक्षक के द्वारा चीनी मिल न्योली के मिल गेट एवं केनयार्ड में औचक निरीक्षण किया गया। जॉच के दौरान चीनी मिल यार्ड में गन्ने से भरे हुए ट्रैक्टर ट्राला अज्ञात रूप से खडे हुए पाए गये। गन्ने से भरे इन अवैध वाहनों के सम्बन्ध में चीनी मिल प्रबन्धन की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई।

गन्ना आयुक्त ने बताया कि मौके पर उपस्थित गन्ना किसानों के बयान एवं परिस्थितिजन साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट पाया गया कि चीनी मिल प्रबन्धन द्वारा बिचौलियों से मिलीभगत करके किसानों के साथ धोखाधड़ी कर कम दामों पर गन्ना खरीद की जा रही है। अवैध गन्ने की खरीद से गन्ना समिति के विकास अंषदान की चोरी कर राजकीय धन की क्षति की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उपरोक्त अवैध गन्ना खरीद में न्योली चीनी मिल कासगंज के एम.डी–श्री कुणाल यादव, अध्यासी–श्री हरविन्दर सिंह, यदु समूह के मुख्य वित्त अधिकारी–श्री डी.के. श्रीवास्तव व उप गन्ना महाप्रबन्धक–श्री अरूण कुमार शर्मा एवं केनयार्ड मैनेजर–श्री जगराज विश्नोई के विरूद्ध उत्तर प्रदेश गन्ना (पूर्ति एवं खरीद विनियमन) अधिनियम 1953 एवं 1954 तथा उत्तर प्रदेश वैक्यूम पैन शुगर फैक्ट्रीज लाइसेंस आर्डर 1969, आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 की धारा 3/7 एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 417, 418, 419, 420, 468 व 120 बी के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

गन्ना आयुक्त, द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि शासन के निर्देशानुसार भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेन्स' की नीति का अनुसरण किया जा रहा है तथा गन्ने की अवैध खरीद अथवा किसी भी गन्ना किसान से धोखाधड़ी को बर्दाश्त नहीं की जायेगा, तथा संलिप्तोंध्दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उनके द्वारा कृषकों से अपील की गयी कि किसी भी वाह्य गन्ना क्रय केन्द्र एवं चीनी मिल गेट पर गन्ने की अवैध खरीद का पता चलने पर विभागीय टोल–फ्री नम्बर 1800–121–3203 पर सूचना देने पर तत्काल उचित कार्यवाही की जाएगी। उक्त जानकारी सम्भागीय गन्ना विख्यापन अधिकारी ने दी है।

## संरक्षा एवं समय पालन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : महाप्रबंधक

गोरखपुर ।महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे अनुपम शर्मा ने वीडियोकान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं तीनों मंडलों के मंडल रेल प्रबन्धकों के साथ साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक को सम्बोधित करते हुए महाप्रबन्धक अनुपम शर्मा ने कहा कि संरक्षा एवं समय पालन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संरक्षित रेल संचलन के लिये रेल पथ के अनुरक्षण एवं सुदृढ़ीकरण पर बल दिया। गाड़ियों के समय पालन में सुधार हेतु प्रभावी कदम उठाये जाने का निर्देष दिया। श्री शर्मा ने कहा कि आय में वृद्धि हेतु माल लदान हेतु सतत् प्रयास जारी रहें तथा खर्चों में मितव्यता बरती जाय। महाप्रबन्धक ने कहा कि वर्तमान में तीनों मंडलों पर चल रहे आमान परिवर्तन, दोहरीकरण एवं नई लाइन निर्माण के कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूरी की जाय तथा विद्युतीकरण के अन्तर्गत 75 प्रतिषत से अधिक रूट का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है, शेष खंडों के विद्युतीकरण के कार्य भी समय से पूरे किये जाय। पूर्वोत्तर रेलवे पर स्टेषन विकास के सभी कार्य यथाषीघ्र पूरे किये जाय, जिससे कि जनआकांक्षाओं को समय से पूरा किया जा सके और इसका लाभ यात्री जनता को मिल सके। समीक्षा बैठक में अनारक्षित समपारों की समाप्ति हेतु किये जा रहे प्रयासों, सुनियोजित तरीके से स्क्रैप निस्तारण, गाड़ियों के समय पालन में सुधार हेतु गति अवरोधों की स्थायी रूप से समाप्ति एवं अन्य प्रयास, डीजल खपत में कमी लाने एवं राजस्व बचत के लिये उठाये गये कदम, माल यातायात में वृद्धि हेतु माल गोदामों में सुधार एवं विस्तार एवं व्यापारियों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं, फर्रूखाबाद से पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के लिये चलायी गयी 22 रेक किसान रेल, दोहरीकरण, आमान परिवर्तन, नई रेल लाइन निर्माण एवं विद्युतीकरण की अद्यतन स्थिति एवं उन्हें पूर्ण किये जाने लक्ष्य का विवरण संबंधित प्रमुख विभागाध्यक्षों ने प्रस्तुत किया।

## मनरेगा मजदूरी को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन'

### दुदही विकास खंड के दुमही का हैं मामला'

राजापाकड़/कुशीनगर ।सोमवार के दिन दुमही के मनरेगा मजदूरों ने मजदूरी न मिलने पर ब्लॉक मुख्यालय दुदही पहुंच धरना प्रदर्शन कर अधिकारियों को ज्ञापन सौंप मजदूरी दिलवाले की मांग की । सनद रहें कि भाजपा नेता जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में मनरेगा मजदूरों ने प्रदर्शन कर विकास खंड अधिकारी दुदही को ज्ञापन सौंपा बताया की हम गरीब व असहाय लोग है मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते है। विते अक्टूबर माह में ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा कार्य कराया गया था। जिसकी मजदूरी आज तक नहीं मिला, जिम्मेदारों द्वारा कहा जा रहा है कि अभी उक्त कार्य का भुगतान ही नही हुआ है भुगतान होगा तो मजदूरी आप सभी को दिया जाएगा। जबकि उक्त कार्य का भुगतान हो चूका है। मजदूरों द्वारा विगत कई बार प्रधान, सिग्रेटरी से लगायत उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बाउजूद भी भुगतान नहीं किया गया । बाध्य होकर हम गरीब मजदूर लोग धरना प्रदर्शन कर रहे हैं किसी भी अनहोनी के दसा में सारी जिम्मेदारी ब्लॉक की होगी ।इस दौरान मनोज, हरकेश, दिपक कुशवाहा, प्रिंस,रितेश गुप्ता ,नथुनी प्रसाद, निरज कुशवाहा, अंजेश पटेल, चन्दन प्रसाद,गोविंद कुशवाहा, विश्वनाथ गोंड़,हरकेश, राकेश, कन्हैया,सत्यम, जितेंद्र, रमापति इत्यादि मौजूद रहे। उक्त के समबन्ध में दुदही विकास खंड अधिकारी से पक्ष जानने कोशिश की गई लेकिन बात नहीं है सका।

# सावित्रीबाई फुले की मनायी गयी जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले जी के 191 वी जयंती के शुभ अवसर पर जन अधिकार पार्टी विधानसभा रावर्ट्सगंज द्वारा ग्राम पंचायत कुसुमहा में जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में जयंती समारोह का आयोजन सुमंत सिंह मौर्य प्रभारी विधानसभा रावर्ट्सगंज की अध्यक्षता में की गई ।कार्यक्रम की सुरुआत माता सावित्री बाई फुले एवं बीबी फातिमा सेख के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का सुरुआत किया गया । जयंती समारोह को मुख्य अतिथि इंदू कुशवाहा प्रदेश सचिव जन अधिकार पार्टी महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश ने संबोधित करते हुए कहा कि माता सावित्रीबाई फुले का जीवन हम महिलाओं के लिए बहुत ही प्रेरणापद है । माता सावित्री बाई फुले व बीबी फातिमा शेख ने महिला शिक्षा के लिए दरवाजा खोलने का काम किया



, उन लोगों ने सतीप्रथा व विधवा पुनर्विवाह व अनाथ लोगों के लिए महत्वपूर्ण काम किए थे । महिलाओ के लिए शिक्षा का दरवाजा खोलने में उन लोगों के सामने अनेक प्रकार की बाधाएं भी आई परंतु उस बाधा को पार करते हुए समाज सुधार के लिए उन्होंने अग्रणी कार्य की । अध्यक्षता कर रहे सुमन्त सिंह मौर्य प्रभारी विधानसभा रावर्ट्सगंज ने कहा कि महात्मा फूले , माता सावित्रीबाई फूले व बीबी फातिमा शेख का जीवन हम दलित पिछड़े अल्पसंख्यक समाज के लिए बहुत ही प्रेरणापद है । आज लोगो को दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक शोषित वंचित समाज के कमजोर वर्गों के लिए जितना संभव हो सके काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डा0 भागीरथी सिंह मौर्य मीरजापुर मण्डल अध्यक्ष , समृद्धि कुशवाहा मण्डल प्रभारी महिला प्रकोष्ठ , किरण कुशवाहा मण्डल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने कहा कि आज माता सावित्रीबाई फूले व बीबी फातिमा शेख जी के जीवन संघर्ष से प्रेरित होकर जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा ने नारा दिया है कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी , सबकी शिक्षा एक समान गरीब हो या हो धनवान । और उसी के हिसाब से जन अधिकार पार्टी का संघर्ष जारी है । इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह , आरती मौर्य , सुषमा शाक्य , उर्मिला भारती , रीता भारती , लालती , शुशीला , सुनीता , रजवंती देवी , ममता , ललिता , राजेंद्र प्रसाद , प्रदीप चौहान , लक्ष्मण प्रसाद ,बृजेश सिंह , बिहारी सिंह , चन्द्रमा सिंह , नागेंद्र , सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे । संचालन जिला महासचिव रविरंजन शाक्य ने किया ।

# श्री राम दरबार की निकाली गई शोभायात्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विश्व के कल्याण के लिए राबर्ट्सगंज के आरटीएस क्लब मैदान में श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ के समापन पर सोमवार को मानस पंडाल में भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद नगर में श्रीराम दरबार की शोभायात्रा निकाली गई। इसके पूर्व



रविवार को रात्रिकालीन प्रवचन में गोरखपुर के कथावाचक हेमंत त्रिपाठी और प्रयागराज के कथावाचक मुरारी जी शास्त्री ने श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि–" भगवान श्रीराम ने जब रावण का वध कर दिया तब दशरथ जी पृथ्वी पर आए और उन्होंने रावण के वध पर हर्ष जताया। उन्होंने श्रीराम जी से वर मांगने को कहा। तब भगवान श्रीराम ने मझली मां कैकेई को क्षमा करने की दशरथ जी से प्रार्थना की। कथावाचक ने भगवान श्रीराम पुष्पक विमान से सीता, लक्ष्मण, हनुमान, जामवंत, सुग्रीव, अंगद आदि के साथ अयोध्या आगमन और श्रीराम राज्याभिषेक की कथा का मार्मिक ढंग से वर्णन किया। वही मानस मंच पर महामंत्री सुशील पाठक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि–" आगामी वर्षों में महायज्ञ का आयोजन होता रहेगा, मिडिया प्रभारी हर्षवर्धन केसरवानी द्वारा वर्ष 2021–22 में श्री रामचरित मानस नवाह पाठ महायज्ञ का चलाई गए लाइव प्रसारण देश– विदेश के 12 लाख से अधिक राम भक्तों ने देखा और सराहा। उन्होंने मानस समिति के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों, सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर यजमान अजय कुमार शुक्ला, शिशु तिवारी, इंद्रदेव सिंह, मिठाई लाल सोनी, संगम गुप्ता, मंच आचार्य पंडित संतोष कुमार द्विवेदी, पंडित शिव कुमार शास्त्री, पंडित अनिल पांडेय, पंडित यशवंत पांडेय, अनिल चौबे ने श्री राम दरबार की भव्य आरती उतारी इसके पश्चात नगर में शोभायात्रा निकाली गई और भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। अयोजित शोभा यात्रा में शोभायात्रा मुख्य व्यास सूर्यलाल मिश्र, पूर्व अध्यक्ष रतनलाल गर्ग, महामंत्री सुशील पाठक, डॉ. कुसुमाकर श्रीवास्तव, ओमप्रकाश त्रिपाठी, शिशु त्रिपाठी, महेश दुबे, रविंद्र पाठक, दीपक कुमार केसरवानी, सत्य प्रताप सिंह, विमलेश पटेल, अनिल त्रिवेदी, मन्नु पाण्डेय, शुधाकर दुबे, चंदन चौबे, हर्षवर्धन केसरवानी, शुभम शुक्ला, ऋषभ सिंह आदि शामिल रहे।

# क्या 1985 से चली आ रही रवायत इस बार भी रहेगी कायम या योगी बदल देंगे इतिहास, 2024 से पहले यूपी में होगा सत्ता का सेमीफाइनल

लखनऊ। साल 2022 भारत की स्वतंत्रता का 75वां साल है। लोकतंत्र के लिहाज से इस अहम साल को देश के कई चुनावों का गवाह बनना है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में अब गिनती के दिन बचे हैं। इन राज्यों के नतीजें जो 2022 में आएंगे वो 2024 के आम चुनावों समेत आने वाले कम से कम एक दशक की राजनीति में दिशा निर्धारित करने वाले होंगे। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में बीजेपी की सरकार है और पंजाब में कांग्रेस की। लेकिन राजनीति में यह कहावत आम है कि दिल्ली की सत्ता का रास्ता लखनऊ से होकर गुजरता है। यूपी में बीजेपी के सुपरस्टार प्रधानमंत्री मोदी और पोस्टर ब्वॉय योगी आदित्यनाथ की प्रतिष्ठा जुड़ी है। ऐसे में आज हम आपको उत्तर प्रदेश के प्रमुख नेताओं से अवगत कराएंगे। इसके साथ ही प्रदेश के चुनावी मुद्दे भी बताएंगे। इसके साथ ही जानेंगे हालिया सर्वेक्षण में किस पार्टी का है बोल बाला और किसे जनता ने अपनी उम्मीदों की कसौटी पर कम आंका है।

1. योगी आदित्यनाथ :योगी आदित्यनाथ का जन्म 5 जून 1972 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले स्थित यमकेश्वर तहसील के पंचुर गांव में हुआ। योगी आदित्य्यनाथ (तब अजय सिंह बिष्ट के नाम से जाने जाते थे) बचपन से ही बहुत कुशाग्र और कर्मठ स्ध्वभाव के थे। साल 1994 में दीक्षा के बाद वह योगी आदित्यनाथ बन गए थे। योगी हिंदू युवा वाहिनी संगठन के संस्थापक भी हैं। 1998 से लेकर मार्च 2017 तक योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से सांसद रहे और हर बार उनकी जीत का आंकड़ा बढ़ता ही गया। फिर आता है साल 2017 का वो दौर जब यूपी में नरेंद्र मोदी के नाम पर सवार बीजेपी की पतवार ने पूरे दम–खम से जीत सुनिश्चित की। तमाम तैरते नामों के बीच योगी आदित्यनाथ ने 19 मार्च 2017 को यूपी की बागडोर संभाली।

2. अखिलेश यादवःयूपी की राजनीति में कभी एक कहावत श्जलवा जिसका कायम है उसका नाम मुलायम हैश बेहद ही मशहूर हुआ करती थी। देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सियासी अखाड़े के साथ ही राजनीति के दांव–पेंच में डी विरोधियों को चित करने वाले मुलायम सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव का राजनीतिक परिवेश में बड़ा होने केकारण राजनीति में आना तय था। अखिलेश की स्कूली शिक्षा राजस्थान के धौलपुर स्थित मिलिट्री स्कूल से हुई है। वहां से निकलर उन्होंने बंगलुरु के एक कॉलेज से सिविल एनवायरनमेंट इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। वो पहली बार कन्नौज से सांसद चुने गए। यह सीट उनके पिता मुलायम सिंह यादव के इस्तीफे से खाली हुई थी। अखिलेश 2004 और 2009 का लोकसभा चुनाव भी कन्नौज



से ही जीते। मुख्यमंत्री बनने के बाद अखिलेश यादव ने कन्नौज के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था। वहां कराए गए उपचुनाव में डिंपली जीतीं और पहली बार लोकसभा पहुंचीं। वो वहां से 2014 में भी सांसद चुनी गईं। लेकिन 2017 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

3. मायावतीः मायावती का जन्म 15 जनवरी 1956 को दिल्ली के सुचेता कृपलानी अस्पताल में हुआ। मायावती के पिता डाक विभाग में तृतीय श्रेणी के कर्मचारी थे। मायावती के छह भाई और दो बहनें हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा सरकारी विद्यालय से की और इसके बाद 1975 में कालिंदी कॉलेज से बीए की डिग्री ली। साल 1982 में कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की और मायावती ने बतौर सदस्य शामिल हुई। बिजनौर की उसी सीट पर साल 1989 में मायावती जीत दर्ज कर पहली बार संसद पहुंचीं। अप्रैल 1994 में वह पहली बार राज्यसभा के लिए चुनी गईं। जून 1995 में उत्तर प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। 18 अक्टूबर 1995 तक वो इस पद पर रहीं। उनका दूसरा कार्यकाल 21 मार्च 1997 से 21 सितंबर 1997 तक रहा। इस दौरान बीजेपी के समर्थन से उन्होंने सरकार बनाई और दूसरी बार सीएम पद की शपथ ली। सीएम के रूप में उनका तीसरा कार्यकाल पिछले दोनों कार्यकाल की अपेक्षा लंबा रहा और वे 3 मई 2002 से 29 मई 2003 तक सीएम रहीं। 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा को पूर्ण बहुमत मिला और वे 13 मई 2007 से 7 मार्च 2012 तक पूरे पांच साल उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं।

प्रमुख चुनावी मुद्दे

कोविड–19 की दूसरी लहर के प्रबंधन

मंहगाई

किसान आंदोलन के बाद उपजे हालात

यूपी जैसी बड़े राज्य में जातिगत समीकरणों से पार पाना

हालांकि चुनाव आते–आते वोटर का मूड बदलेगा और मंदिर, विकास, राष्ट्रवाद का मुद्दा भी जोर पकड़ने लगेगा और इसके संकेत अभी से मिलने भी लगे हैं।

2017 विधानसभा चुनाव का सूरत–ए–हाल

उत्तर प्रदेश में 403 विधानसभा सीटों के लिए 7 चरणों में चुनाव कराए गए थे। सपा के आपसी कलह के बीच कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा। बसपा अकेले मैदान में थी। बीजेपी ने अपना दल और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जैसे छोटे दलों के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा। यूपी में साल 2017 के विधानसभा चुनाव का पहला चर 11 फरवरी, दूसरा चरण 15 फरवरी और तीसरा चरण 19 फरवरी को हुआ। जबकि चौथा, पांचवा और छठा चरण 23, 27 फरवरी और 4 मार्च को क्रमशरू सपन्न हुआ। आखिरी चरण का मतदान 8 मार्च को हुआ था। विधानसभा चुनाव में एनडीए को 324 सीटें हासिल हुई। इनमें से बीजेपी ने अकेले दम पर 311 सीटें जीती, जबकि अपना दल (सोनेलाल) ने 9 सीटें जीती और भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी को 4 सीटें हासिल हुई। 54 पर एसपी–कांग्रेस गठबंधन, 19 पर बीएसपी और 6 सीटें अन्य के खाते में गई।

क्या कहते हैं ताजा सर्वेक्षण

न्यूज चौनल श्टाइम्स नाऊ नवभारतश के ताजा सर्वे की मानें तो यूपी में एक बार फिर बीजेपी की सरकार बनने जा रही है तो समाजवादी पार्टी बीजेपी को टक्कर तो दे रही है, लेकिन सत्ता में आने में कामयाबी होती नहीं दिख रही है। उत्तर प्रदेश में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर टाइम्स नाउ नवभारत ने सर्वे एजेंसी टम्ब्ज के साथ मिलकर 16 से 30 दिसंबर के बीच एक ओपिनियन पोल किया है। इसके मुताबिक यूपी चुनाव–2022 में बीजेपी बहुमत के आंकड़े तक पहुंच जाएगी। अगर अनुमान सही रहे तो योगी आदित्यनाथ 1985 के बाद ऐसे मुख्यमंत्री होंगे जो दोबारा सत्ता पर काबिज होंगे। बीजेपी 403 विधानसभा सीटों में 230 से 249 सीटें हासिल कर सकती है। वहीं समाजवादी पार्टी को 137–152 सीटें मिलने का अनुमान है। अगर बीएसपी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। पार्टी के ऐसा होता है कि यह समाजवादी पार्टी के लिए बहुत वोट शेयर में भी गिरावट आ सकती है। वहीं, कांग्रेस बड़ी छलांग होगी, क्योंकि 2017 के विधानसभा चुनाव पार्टी को महज 4 से 7 सीटों पर संतोष करना पड़ में पार्टी महज 47 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं, पोल सकता है। बता दें कि 2017 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के अनुमान के मुताबिक मायावती के अगुवाई वाली को 7 सीटें और बीएसपी को 19 सीटें मिली थीं।

# सहायता समूह के सदस्यों को मसाला उत्पाद का दिया गया प्रशिक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। पचपेड़वा क्षेत्र अंतर्गत नाबार्ड द्वारा चलाए जा रहे



कार्यक्रमों के अंतर्गत राष्ट्रीय सर्वे नाबार्ड राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक द्वारा आयोजित एम ई डी पी के तहत एल आर एल एम स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का मसाला उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 जनवरी 2022 को किया गया टीम सदस्यों के साथ थी टीम के सदस्यों ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ पारिवारिक माहौल बनाकर बातचीत किया तथा सदस्यों ने महिलाओं से मसाला उद्योग बनाने से क्या फायदा होगा इस पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मशीनों को चलाना सीख जाने के बाद मशीनों में लगने वाली जालियां कैसे फिट की जाती है यह भी सीखा है महिलाओं ने यह भी बताया मसाला महीना मोटा कैसे पूछा जाता है इसकी भी जानकारी हो गई है इस मशीन से गेहूं के साथ चावल दाल का आटा भी पीस सकते हैं।

# ग्राम सभा धौरहरा में राजस्व बिभाग ने बितरित किया कम्बल

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमाध्सोनभद्र ।ग्राम सभा धौरहरा में ग्राम प्रधान व लेखपाल गौरव सिंह द्वारा कड़ाके की पड़ती ठंड के मद्देनजर नजर जरूरत मंदो को कम्बल बितरित किया गया तथा ग्राम प्रधान रामानंद द्वारा जगह जगह अलाव की ब्यवस्था की गई वही कम्बल पाकर जरूरत मंदों के चेहरे खिलें नजर आये!



# कोरोना से बचाव के लिये किया मास्क का वितरण

बस्ती। जुबिलियंस यूनिवर्सल सोसायटी ऑफ ट्रस्ट 'जस्ट' एवं एम.ए. ग्रुप टेस्ट द्वारा कोविड ओमिक्रान से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाते हुये निःशुल्क मास्क का वितरण किया गया। जस्ट ट्रस्ट के सह संचालक शेखर गुप्ता, मनीष कुमार, आशीष कुमार भारती, एम.ए. ग्रुप के अध्यक्ष इ. मंजू आशीष, बुद्ध घोष आदि ने मास्क वितरण में सहयोग करते हुये कोरोना से बचाव की जानकारी दी।

# डीएम से लगाया न्याय की गुहार

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के माधवपुर निवासी कोलई प्रसाद पुत्र रामलाल ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाया है। पत्र में कोलई प्रसाद ने कहा है कि वह अनुसूचित जाति दलित है। गाटा संख्या 204 रक्वा 0.051 हे. हरिजन आबादी की भूमि है। इस पर गांव के कुछ दबंग लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है।

गांव के रामऔतार के पुत्र नीबर, राम बेलास गुप्ता, मिटठू प्रसाद आदि पिछड़ी जाति के हैं और हरिजन आबादी पर अवैधा कब्जा कर लिया है। उक्त लोग हरिजन आबादी से जबरिया रास्ता निकलवाना चाहते हैं और लेखपाल की मौजूदगी में पुलिस बल के द्वारा दलित कोलई प्रसाद के छप्पर के मकान को गिरा दिया गया। कोलई प्रसाद ने मांग किया है कि हरिजन आबादी में रास्ते को न बनाया जाय और यथा स्थिति बनाये रखा जाय।

# जनपद संत कबीर नगर के 534717 असंगठित कर्मकार और 22490 निर्माण कर्मकार भरण पोषण भत्ता से हुये लाभान्वित

संत कबीर नगर,। उत्तर प्रदेश के सभी असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड, उ0प्र0 भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत असंगठित 03 करोड़ 81 लाख कामगारों एवं निर्माण श्रमिकों को आपदा राहत सहायता के अन्तर्गत भरण–पोषण भत्ता वितरण किए जाने की योजना के प्रथम चरण में लगभग 1.50 करोड़ कामगारों को भरण–पोषण भत्ताधहितलाभ की ध्500 प्रतिमाह की दर से 02 माह की धनराशि का ऑनलाइन हस्तांतरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किया गया। प्रत्येक असंगठित कर्मकार को रु0–500 प्रतिमाह की दर से रु0–1000 की धनराशि तथा 22490 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को रू0–1000 आपदा सहायता राशि आज दिनांक 03.01.2022 को आनलाइन हस्तान्तरित की गयी है। जनपद संत कबीर नगर में 534717 असंगठित कर्मकार और 22490 निर्माण कर्मकार भरण पोषण भत्ता से लाभान्वित कराये गये। जनपद संत कबीर नगर के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मेंहदावल राकेश सिंह बघेल एवं सी.डी.ओ. एस.एन. श्रीवास्तव द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम की वृहद कवरिंग एवं सूचना विभाग द्वारा एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण कराया गया कलेक्ट्रेट मे आयोजित कार्यक्रम में मातृत्तव एवं शिशु हितलाभ सहायता योजनान्तर्गत शत्रुघ्न कुमार ग्राम सिंहोरवा, पो0–बखिरा को रु0–26000, दूधनाथ ग्राम व पोस्ट नाथनगर को 31000, कन्या विवाह योजनान्तर्गत जमुनी देवी दरुआजफ्ती माफी, महेन्द्र कुमार दरुआजप्ती माफी, बिन्दु देवी ग्राम इमिलिया पो0–गोडही को प्रति लाभार्थी 55000 तथा निर्माण कामगार मृत्यु, विकलांगता एवं अक्षमता पेंशन सहायता योजनान्तर्गत रजवता देवी ग्राम पल्दहजोत एवं भानमती ग्राम व पोस्ट अतरौरा को प्रति लाभार्थी रु0–200000 की सहायता राशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम में 200 पंजीकृत कर्मकारों द्वारा भाग लिया गया।

# डीएम व एसपी द्वारा विभिन्न बूंथों का किया गया स्थलीय निरीक्षण

संत कबीर नगर । जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ द्वारा विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निम्नलिखित बूंथों पी.बी. गर्ल्स इण्टर कालेज खलीलाबाद, हीरालाल रामनिवास इण्टर कालेज खलीलाबाद, विकास खण्ड सेमरियावां स्थित जूनियर हाईस्कूल चंगेरा मंगेरा व प्राथमिक विद्यालय टेमा रहमत का निरीक्षण किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त बूंथों का निरीक्षण करते हुये आवश्यकतानुसार सम्बन्धित अधिकारियों को दिशानिर्देश दिये गये। उन्होंने इस दौरान बूंथ पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय,सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया व पोलिंग बूंथों पर मतदाताओं की संख्या के हिसाब से आवश्यक प्रबन्ध करने के लिये सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त बूंथों का भ्रमण कर ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की गयी कि लोगों को कोई मतदान के दिन धमकी आदि तो नहीं देता है। उन्होंने ग्रामीणों का आश्वस्थ किया कि आप सब लोग विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 में निडर होकर मतदान करें, प्रशासन व पुलिस आप सबके साथ है।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर नवीन श्रीवास्तव एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जन विश्वास यात्रा की सफलता से बढी ताकत– वी.सी. पाण्डेय

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जन विश्वास यात्रा के समापन अवसर पर भागीदारी के लिये पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी। सोमवार को एपीएन पी.जी. कालेज के मैदान में आयोजित सभा को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने सम्बोधित किया। भाजपा नेता वृन्दावन चन्द्रभान 'वी.सी.' पाण्डेय के समर्थक मनोज त्रिपाठी के साथ सभा में पहुंचे। कडाके की ठंड के बावजूद लोगों में उत्साह दिखा। भाजपा नेता वी.सी. पाण्डेय ने दूरभाष पर बताया कि वे स्वयं सभा में विषम परिस्थिति में हिस्सा नहीं ले पाये किन्तु जन विश्वास यात्रा के समापन अवसर पर जिस प्रकार से लोग स्वतः प्रेरणा से उमड़े इससे स्पष्ट है कि भाजपा प्रदेश में मजबूत सरकार बनाने जा रही है। कहा कि भाजपा अपने नीति, कार्यक्रम के आधार पर जीत सुनिश्चित करेगी इसमें संदेह नहीं है। सभा में वी.सी. पाण्डेय समर्थक अनुराग ओझा, गौरव सिंह, चन्दन पान्डेय, प्रकाश चौधरी, परमात्मा गौतम, चन्द्र भूषण ओझा, महेश यादव, बृजेश पाल, राजेंद्र गौतम, महेश मोर्य, आनन्द शुक्ला, अमन सिह, सौरभ पान्डेय, विवेक मिश्रा, अमित पान्डेय, पारस गौतम राजन, शिवकुमार, उमेश, पप्पू, संजय सुनील, विवेक पान्डेय, रिषभ पान्डेय अतुल चन्द्र शुक्ला, जिज्ञासा के साथ ही सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# सूरज पंचोली की अगली फिल्म पेश करेंगे सलमान, जैकलीन हो सकती हैं हीरोइन



सलमान खान ने अपने प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले 2015 में आदित्य पंचोली के बेटे सूरज पंचोली को बॉलीवुड में लॉन्च किया था। हालांकि, उनकी उनकी फिल्म बाक्स ऑफिस पर असफल रही। इसके बाद भी सूरज की कुछ फिल्में आईं, लेकिन कोई भी दर्शकों की कसौटी पर खरी नहीं उतरी। अब सलमान एक बार फिर सूरज का सहारा बने हैं। चर्चा है कि वह अपने प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले उनकी अगली फिल्म पेश करेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान ने सूरज का करियर संवारने का जिम्मा उठा लिया है। वह बॉलीवुड में उनकी डूबती नैया को पार लगाने के लिए तैयार हैं। सूरज ने तेलुगु रोमांटिक ड्रामा फिल्म गुरथुंडा सीताकलाम का हिंदी रीमेक साइन कर लिया है, जिसका प्रचार सलमान अपने प्रोडक्शन हाउस सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले करेंगे। फिल्म के हिंदी वर्जन को बारिश नाम दिया गया है और इसमें सूरज एक नहीं, बल्कि तीन हीरोइनों के साथ रोमांस करते दिखेंगे। सूरज के करियर की पहली रोमांटिक एक्शन फिल्म हीरो के निर्देशक निखिल आडवाणी थे। इसके जरिए सलमान ने ना सिर्फ सूरज, बल्कि सुनील शेट्टी की बेटी अथिया की भी बॉलीवुड में एंट्री कराई थी, लेकिन सूरज और अथिया का यह डेब्यू फ्लॉप साबित हुआ था। हिंदी रीमेक के लिए सलमान की फेवरेट जैकलीन फर्नांडिस से बातचीत की गई है। वह फिल्म की लीड हीरोइनों में सक एक होंगी। हालांकि, जैकलीन ने अभी यह फिल्म साइन नहीं की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंदी रीमेक के निर्देशन की कमान भी नागाशेखर ही संभालेंगे। उन्होंने हिंदी भाषी दर्शकों को ध्यान में रखते हुए फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है। नए साल अप्रैल या मई में फिल्म की शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। बात करें फिल्म गुरथुंडा सीताकलाम की तो यह अभी रिलीज भी नहीं हुई है। फिल्म में रोमांस, ड्रामा सब देखने को मिलेगा। नागाशेखर इस फिल्म के निर्देशक हैं और उन्होंने भावना रवि के साथ फिल्म के प्रोडक्शन का काम भी संभाला है। यह 2020 की कन्नड़ फिल्म लव मॉकटेल का रीमेक है। फिल्म में सत्यदेव कंचरण और अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिका में हैं। पिछले साल अगस्त में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी। यह फरवरी, 2022 में रिलीज होगी। सलमान इन दिनों एक्टिंग के साथ–साथ कई फिल्मों के प्रोडक्शन में भी शामिल हैं। वह अपनी भतीजी अलीजेह अग्निहोत्री को भी बॉलीवुड में एक रोमांटिक फिल्म से ब्रेक देने वाले हैं। सलमान बॉलीवुड की मशहूर लेखक जोड़ी सलीम–जावेद पर बनने वाली डॉक्यूमेंट्री के सह–निर्माण में शामिल हैं। वह अपनी आगामी फिल्मों कभी ईद कभी दीवाली, नो एंट्री 2 और ब्लैक टाइगर के को–प्रोड्यूसर भी हैं। उनके प्रोडक्शन में बनी फिल्म बुलबुल मैरिज हॉल अगले साल रिलीज होने वाली है।

## कोरोना के चलते फिर टली शाहरुख की फिल्म पठान की शूटिंग

एक बार फिर कोरोना वायरस का खतरा बढ़ गया है। इसको देखते हुए विभिन्न राज्यों की सरकारों ने पाबंदियां लगाई हैं। इसका मनोरंजन जगत पर भी व्यापक असर पड़ा है। इससे कई फिल्मों की शूटिंग रद्द हो सकती है। अब सुनने में आ रहा है कि



शाहरुख खान की फिल्म पठान की शूटिंग एक बार फिर टल गई है। कोरोना के खतरे को देखते हुए मेकर्स ने फिल्म की शूटिंग को टालने का निर्णय लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण शाहरुख की फिल्म पठान की शूटिंग टल गई है। एक सूत्र ने कहा, फिल्म की शूटिंग पहले अक्टूबर में स्पेन में होनी वाली थी, जहां कुछ एक्शन दृश्यों के अलावा दो गाने फिल्माए जाने थे। लेकिन ऐसा नहीं हो सका क्योंकि आर्यन खान के खिलाफ दर्ज हुए केस की वजह से शाहरुख को ब्रेक लेना पड़ा था। सूत्र ने बताया कि अब जब जनवरी में उन्होंने डेट्स दी, तो स्पेन में कोरोना के मामले अपने उच्चतम स्तर पर हैं। स्पेन में एक दिन में 1.6 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए। कई दिनों से वहां एक लाख से अधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। भले ही 80 प्रतिशत स्पेन का टीकाकरण पूरा हो गया हो और अधिकांश लोगों ने बूस्टर शॉट लिया हो, लेकिन वहां के हालात ठीक नहीं हैं। इसलिए शूटिंग टाली गई। फिल्म की अहम कलाकार दीपिका पादुकोण और शाहरुख से सलाह लेने के बाद मेकर्स स्पेन शेड्यूल को फरवरी तक टाल सकते हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। नवंबर, 2020 में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी। फिल्म में डिंपल कपाडिया भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में बॉलीवुड का सबसे बड़ा क्लाइमैक्स सीन दिखाई देगा। दरअसल, इसे दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा पर शूट किया गया है। फिल्म पठान में जॉन अब्राहम खलनायक की भूमिका में दिखेंगे। इसमें शाहरुख और जॉन के बीच जबरदस्त फाइट सीन देखने को मिलेंगे। फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। शाहरुख की आखिरी फिल्म जीरो थी, जो 2018 में आई थी। इस फिल्म ने कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ा था। वह साउथ निर्देशक एटली की अगली फिल्म को लेकर भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है। संजय लीला भंसाली ने भी शाहरुख के साथ इजहार नाम की एक रोमांटिक फिल्म बनाने की प्लानिंग की है। सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में शाहरुख छोटी, लेकिन एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे।

# अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा ने भारत में कमाए 250 करोड़ रुपये




साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म पुष्पारू द राइज से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। आए दिन यह फिल्म नया कीर्तिमान बना रही है। अब इस फिल्म ने भारत में 250 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। भला नए साल में अल्लू के प्रशंसकों के लिए इससे बड़ी खबर क्या हो सकती है। इस फिल्म ने अल्लू को पैन इंडिया लेवल पर स्थापित किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुष्पा ने नए साल के पहले दिन शनिवार को 250 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री कर ली है। फिल्म ने शनिवार तक 255.30 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म ने पहले सप्ताह में 178.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दूसरे सप्ताह में फिल्म ने 56.75 करोड़ रुपये कमाए। रिलीज के तीसरे शुक्रवार को फिल्म ने 6 करोड़ रुपये अपने खाते में जोड़े। तीसरे शनिवार को फिल्म 14 करोड़ रुपये कमा पाई।

हिन्दी पट्टी में भी इस फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म ने उत्तर भारत में अबतक 72 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। यदि अगले तीन सप्ताह तक सिनेमाघर खुले रहते हैं, तो फिल्म 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा छू सकती है। साउथ ही नहीं, बल्कि इस फिल्म ने देशभर के दर्शकों को प्रभावित किया है। अल्लू ने फिल्म के जरिए देशभर में लोकप्रियता हासिल की है।

पुष्पा 17 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन ही वह कीर्तिमान बना लिया, जो 2021 में कोई फिल्म नहीं कर पाई। अल्लू की पुष्पा ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 2021 का सबसे बड़ा ओपनिंग डे अपने नाम किया था। यहां तक कि फिल्म ने मास्टर और स्पाइडर मैन को भी पछाड़ दिया था। पुष्पा का ओपनिंग डे का कलेक्शन 52.50 करोड़ रुपये है। फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है।

पुष्पा में अल्लू के साथ रश्मिका मंदाना ने अपने अभिनय का जौहर दिखाया है। फिल्म में रश्मिका के किरदार का नाम श्रीवल्ली है। फिल्म के जरिए अल्लू और रश्मिका पहली बार साथ आए हैं। रश्मिका की यह पहली फिल्म है, जो सीधे हिन्दी दर्शकों के बीच आई। फिल्म की कहानी चंदन की लकड़ियों की तस्करी से जुड़ा है। फिल्म तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिन्दी सहित पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज हुई है।

अभी फिल्म को रिलीज हुए कुछ ही दिन हुए हैं कि दर्शकों की उत्सुकता इसके दूसरे भाग पुष्पारू द रूल को लेकर बढ़ गई है। इसका सीक्वल अगले साल 17 दिसंबर को आएगा। सुकुमार ने खुद एक इंटरव्यू में इस संबंध में जानकारी दी थी।

मुख्य अभिनेता के रूप में अल्लू ने अपने करियर की शुरुआत 2003 में फिल्म गंगोत्री से की थी। 2004 में वह फिल्म आर्या में दिखे, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। फिर अल्लू ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पुष्पा उनकी पहली पैन इंडिया फिल्म है।

# दिशा पाटनी ने अपनी आगामी फिल्म योद्धा की शूटिंग की पूरी



बॉलीवुड की हॉट ऐंड सेक्सी अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आगामी फिल्म योद्धा की शूटिंग पूरी कर ली हैं। इस बात की जानकारी स्वयं अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से इस फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक फनी वीडियो साझा करके दी हैं।

दिशा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से सिद्धार्थ के साथ एक फनी वीडियो साझा करते हुए लिखा कि, और फिल्म की शूटिंग पूरी हुईत्तयोसिद्धार्थमल्होत्रा।

साझा किए गए वीडियो में दोनो एक्टर्स आपस में काफी मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं।

बता दें कि, इस फिल्म में सिद्धार्थ एक पैरा कमांडो का किरदार निभा रहे हैं जोकि एक प्लेन को हाईजैक होने से बचाने की कोशिश करते हुए नजर आएंगे। जिसमे में दिशा पाटनी भी उनकी मदद करते हुए नजर आयेंगी। यह कहानी पूरी तरह से काल्पनिक है। इस फिल्म के मेकर्स को फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी, जिसके बाद दिशा को इस फिल्म के लिए चुना गया था।

इस फिल्म को सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा मिलकर डायरेक्ट कर रहे हैं। यह फिल्म अगले साल 11 नवंबर 2022 को सीधे सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वर्कफ्रंट की बात करे तो दिशा आखिरी बार फिल्म राधे में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। वे योद्धा के अलावा एक विलेन रिटर्न्स, केटीना और एक बड़ी अनटाइटल्ड एक्शन फिल्म में मुख्य किरदार निभाते हुए नजर आएंगी।

# कुछ ही दिनों में घट जाएगी चेहरे की चर्बी, करें यह सरल उपाय



चेहरे को खूबसूरत दिखाने के लिए लोग तरह–तरह के नुस्खे अपनाते हैं हालांकि कई बार चेहरे पर जमा फैट चेहरे की सुंदरता फीका कर देता है। कई बार मोटे गाल, डबल चिन और आई बैग्स चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ देते हैं और इन्हें ठीक कर पाना आसान भी नहीं होता है। अगर आपके साथ भी ऐसी कोई समस्या है तो आज हम आपको कुछ उपाय बताने जा रहे हैं जो आपके लिए कारगर हो सकते हैं।

' अगर आप चेहरे के फैट को कम करना चाहते हैं तो इसके लिए फेशियल एक्सरसाइज इस्तेमाल कर सकते हैं। फेशियल फैट को कम करने के लिए आप लिप पुलअप, चिन लिफ्ट, फिश लिप, नेक कर्ल अप और एयर ब्लोइंग जैसी फेशियल एक्सरसाइज कर सकते हैं।

' पानी पीने से हमारे शरीर के विषैले तत्व बाहर निकलते हैं और इससे शरीर का एक्स्ट्रा फैट भी कम होता है। जी हाँ और इसका असर चेहरे पर भी नजर आता है। इसी के साथ भरपूर मात्रा में पानी पीने से चेहरे की चमक बरकरार रहती है और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। ' अगर आप अपने चेहरे की चर्बी को छांटना चाहते हैं तो नमक का सेवन कम करें। कहा जाता है ज्यादा नमक से शरीर में सोडियम के कारण पानी ठहरने लगता है और ऐसे में विषैले तत्व शरीर से ठीक से बाहर नहीं निकल पाते और शरीर फूलने लगता है। ' अल्कोहल मोटापा बढ़ाती है। इसके चलते फेशियल फैट भी बढ़ता है। इसी के साथ ही व्यक्ति को समय से पहले कई बीमारियां घेर लेती हैं।

' ब्रेड, कुकीज, पास्ता, पेस्ट्री, पिज्जा और मिठाइयां आदि आपके चेहरे का फैट बढ़ाने का काम करते हैं। इन सभी को खाने की आदत छोड़ दीजिए।

' अगर चेहरे के फैट को कम करना है तो इसके लिए बहुत जरूरी है कि आप भरपूर नींद लें। नींद पूरी न होने से तनाव बढ़ता है और इसके कारण मोटापा बढ़ता है।

